'गैडिंग' क्यों ध्यान नहीं ?

तटवर्ती वीर राघवराव



‘गौडिंग’
क्यों ध्यान नहीं ?



लेखक : श्री तटवर्ती वीर राघवराव

हिन्दी अनुवादः श्रीमति तम्मन श्रीलता

For Books Please Contact :
TATAVARTHI VEERA RAGHAVARAO
Tatavarivari Street, BHIMAVARAM-534201.
W.G.Dist., A.P. Ph: 94403 09812

Rs.120/-

सूची

1. ध्यान क्या हैं। 5

2. पतंजलि महर्षि 'निर्विषयं मनः ध्यानं' 9

3. ध्यान क्या है?कुछ करना नहीं, कुछ भी नहीं करना। 10

4. ध्यान का मतलब 'निर्गुणाराधना' 11

5. ध्यान का अर्थ है 'सत्य की शरण लेना'। 13

6.बडों ने कहा है कि निराकार ध्यान करना चाहिए।........................16

7.पारलौकिक स्थिति तक पहुँचना। 17

8.राजयोग का अभ्यास।...18

9.ध्यान करना योगी होना है।..19

10.प्रकृति में होना। 20

11.अलौकिक अवस्था ही ध्यान है। 20

12.भगवान श्रीकृष्ण ने भृगु स्थान पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।....21

13.सुप्रा कॉन्शियस स्टेट।..25

14.मन के महत्व को कम करना।...26

15.हिंसा छोड़ो! हंसा पकडो!...28

16.चार प्रकार के 'मोक्ष मार्ग'।...29

17.बुजुर्ग क्या कहते हैं? 32

18.एकाग्रता - ध्यान। 33

19.ध्यान करने वालों को भगवान पसंद करते हैं। 35

20.‘श्वास पर ध्यान’ और ‘गैडिंग ध्यान’ में अंतर। 37

21.गौतम बुद्ध 39

22.शंकराचार्य 40

23.सत्य साई बाबा 42

24.एकल चेतना (Single Concious) - सामूहिक चेतना। (Group Concious) 43

25.भावना महान नहीं है, सत्य महान है। 44

26.योगियों के संदेश 46

27.ध्यान एक पवित्र कार्यक्रम है। 53

28.गैडिंग करने में संदेह। 55

29. गैडिंग में विचार नहीं आते हैं । 59

30.गैडिंग कराने वाले भी पत्रीजी के शिष्य है ना ? 60

31.पत्री जी ही पी.एम.सी. चला रहे हैं ना? ‘गैडिंग ज़ूम’ को प्रारंभ किया है ना? ... 61

32.यदि गैडिंग ध्यान नहीं है तो पत्री जी इसका खंडन क्यों नहीं करते? 64

33.गैडिंग में बीमारियाँ कम होने के बारे में। 65

34. तरह तरह के ध्यान 72

35.‘जे.टी.टी.पी.’ (सच्चे रास्ते की ओर यात्रा) 74

36. प्रकाश से जुड़ाव। 75

37.कर्म प्रक्षालन ध्यान - कर्म विपाक ध्यान। 76

38. धन ध्यान। 78

39. संकल्प ध्यान। 79

40.गुडाकेश। 80

अनुबंध

ब्र्म्मर्षि पत्री जी की पुस्तकें

1. आनापानसति- 84

2. आत्म शास्त्र- 97

3. अप्पो दीपो भव- 99

4. श्वास विज्ञान ज्योति- 105



ध्यान करने का विधान
श्वास पर ध्यान

उचित आसन पर आराम से बैठकर दोनों हाथो को मिलाकर दोनों आँखों को बंद कर स्वाभाविक रूप से होने वाले उच्छवास निश्वासों को ध्यान देना चाहिए।

अनेकानेक विचार मन में आते हो तो उन्हें काटते हुए फिर से श्वास पर ही ध्यान देना चाहिए। क्रमशः विचार रहित स्थिति प्राप्त हो जाएगी। चित्तवृत्तियों का निरोध होगा, मन निर्विषय हो जाएगा, मन शांत होगा, वही ध्यान स्थिति है।

इस निर्विचार स्थिति में अनेकानेक शारीरिक नाड़ी मण्डल आत्मानुभवों को ध्यान देते रहना चाहिए। उस स्थिति में विश्वमय प्राणशक्ति अपार रूप से शरीर में प्रवेश कर नाडी मण्डल का शुद्धिकरण करती है।

इस शक्ति के कारण सारी बीमारियां दूर होंगी नाडीमंडल की शुद्धि से कर्म नष्ट होंगे।

प्रत्येक दिन जिसकी जितनी उम्र हो उतने मिनट दिन में दो बार अवश्य ध्यान करना चाहिए।

‘गौडिंग’
क्यों ध्यान नही ं?

ध्यान क्या हैं।

पत्री जी ने कहा कि ध्यान, “श्वास पर ध्यान” है। हमें अपना ध्यान सांस पर रखना चाहिए। याने हमें सांस के साथ रहना चाहिए।

इसी को गौतम बुद्ध ने पाली भाषा में “आनापानसति” कहा है। इसका अर्थ है... “आन” का अर्थ उच्छ्वास, “अपान” का अर्थ निश्वास, “सति” का अर्थ साथ रहना।

इसका अर्थ है हमारा सांस लेने और छोड़ने के साथ होना। इसलिए पत्री जी, ध्यान का अर्थ ‘श्वास पर ध्यान’ कहते हैं। अगर आप ‘श्वास पर ध्यान’ करते हैं तो क्या होता है? चलो पता करते हैं। पत्री जी ने क्या कहा है? ध्यान करते समय दोनों हाथों को सामने की ओर बांधकर अर्थात उँगलियों में उँगलियाँ डालकर पैरों को मोडकर और आंखें बंद करके बैठना चाहिए। ऐसे बैठने पर किसी को भी विचार आते है। तब विचार आए तो विचारों को काटकर, ‘श्वास पर ध्यान’ लगाना चाहिए।

जैसा कि पत्री जी कहते हैं, जो लोग ‘श्वास पर ध्यान’ करते हैं, वे धीरे-धीरे अपने विचारों को कम कर लेंगे और निर्विचार स्थिति में पहुंच जाएंगे। उस अवस्था को ‘ध्यान’ कहा जाता है।

उस अवस्था में सांस का कोई अवलोकन नहीं होता है। याने ध्यान नहीं होगा। इसे ‘अध्यास’ कहा जाता है। इसलिए यह जानना चाहिए कि ‘अध्यास’ ही ध्यान है।

इस पूरी प्रक्रिया को ध्यान कहा जाता है। ऐसी अवस्था केवल “श्वास पर ध्यान” द्वारा ही प्राप्त की जा सकती है, और कोई रास्ता नहीं है। इसलिए पत्री जी ने कहा “श्वास पर ध्यान”। इसलिए पत्री जी ने कहा ध्यान का अर्थ है निर्विचार अवस्था। यह जानना चाहिए कि यह निर्विचार की स्थिति क्या है?

दूसरे शब्दों में, मन ही सोचता है, और उस अवस्था में विचार नहीं होते, इसलिए हम यह भी कह सकते हैं कि “ध्यान वह अवस्था है जिसमें मन खाली होता है”।

दूसरे शब्दों में, उस अवस्था में मन पूरी तरह से काम नहीं करता, इसलिए ध्यान को “एक ऐसी अवस्था” भी कहा जा सकता है “जहाँ मन काम नहीं करता”।

दूसरे शब्दों में, “मन की शांति की स्थिति” भी कहा जा सकता है।

यहाँ हम देख सकते हैं कि ध्यान की अवस्था में मन पूरी तरह काम नहीं करता। इसलिए जान लेना चाहिए कि मन जब कुछ कर रहा है, वह ध्यान नहीं है।

इसके अनुसार, मन से जो कुछ भी किया जाता है वह ध्यान नहीं है।

देखिये, गैडिंग करनेवाले मास्टर कुछ न कुछ बोलते ही रहते है। जो आंखें बंद करके बैठते हैं, और उन वचनों को सुनते हैं, तो जैसा वे कहते हैं वैसी ही कल्पना करते हैं। याने तब उनका मन काम करता ही रहता है।

इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है। इसलिए पत्रीजी कहते हैं कि 1. कोई नाम नहीं।, 2. कोई मंत्र नहीं। 3. कोई रूप नहीं।

नाम

नाम क्यों नहीं? कई लोग अपने पसंदीदा भगवान के लिए अपनी आँखें बंद कर लेते हैं। मन में भगवान के नाम का स्मरण करते हैं। कुछ लोग अपने मन में कृष्ण, कृष्ण सोचते हैं। कुछ लोग अपने मन में राम, राम सोचते हैं, और कुछ भक्त मन में बाबा, बाबा सोचते हैं।

ऐसे वे अपनी आंखें बंद कर के अपने मन में उस भगवान का नाम याद करते हैं। इसका मतलब है कि उनका मन यहाँ काम कर रहा है।

मंत्र

कुछ लोग अपने गुरुओं से मंत्र प्राप्त करते हैं। याने उनके गुरु उन्हें एक मंत्र देते हैं और कहते हैं कि आंखें बंद करके मन ही मन उसका जाप करो। वे कहते है कि “मुझे अपने गुरु से मंत्रोपदेश प्राप्त हुआ”।

वह अपनी आँखें बंद कर के गुरु द्वारा दिए गए मंत्र का अपने मन में बार-बार जाप करते हैं। और कुछ हाथ में माला लेकर, उसे फेरते रहते हैं और एक ही मंत्र का जाप करते रहते हैं। ऐसा लगता है कि यहाँ भी उनका मन काम करता रहता है। वे आँखें बंद करके जाप करने की वजह से वे सोचते हैं कि हम ध्यान कर रहे हैं।

रूप

कुछ लोग, अपने गुरु की सलाह का पालन करते हुए, आंखें बंद करके ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर... मन में अपने इष्ट देव के स्वरूप की कल्पना करते हैं। यहाँ भी उनका मन काम करता रहता है, लेकिन उन्हें लगता है कि वे ध्यान कर रहे हैं।

लेकिन इन सब में वे अपने मन का प्रयोग कर रहे हैं। इसलिए मन का उपयोग करने के अभ्यास को 'जप' कहा जाता है और इसे 'ध्यान' नहीं कहते हैं। इसलिए पत्रीजी ने कहा कोई नाम नहीं। किसी मंत्र की आवश्यकता नहीं। कोई रूप भी नहीं है।

कारण क्या है? आंखें बंद करके नामस्मरण करना 'नाम जप' कहलाता है। किसी मंत्र के जाप को 'मंत्र जप' कहते हैं। रूप पर ध्यान केन्द्रित करना 'रूप जप' कहलाता है। साथ ही शब्दों पर ध्यान केंद्रित करना 'गैडिंग जप' कहलाता है। इसलिए यह जानना चाहिए कि गैडिंग करना नाम जप है ध्यान नहीं। इसलिए 'श्वास पर ध्यान' ही केवल ध्यान होता है, और कुछ भी ध्यान नहीं है।

इसलिए यह जान लें कि मन के विचार रहित होने को ही ध्यान कहा जाता है।

ध्यान तब होता है जब मन बंद होता है

इसलिए समझ लें कि '**आंखों को बंद करके किए गए सभी अभ्यास ध्यान नहीं होते हैं, बल्कि मन के विचार रहित होने पर ही ध्यान होता है।**'

साथ ही, सभी गैडिंग लोग ध्यान नहीं कर रहे हैं। कारण है कि जो

गैडिंग करते हैं, वे मास्टर की बात मन से सुनते ही रहते हैं। इसलिए इनका मन गैडिंग में काम करता है।

इसलिए, गैडिंग को शब्द 'जप' कहा जाता है, न कि 'ध्यान'।

दूसरे शब्दों में, "गैडिंग" ध्यान नहीं है, 'जप' है।

इस का अर्थ है कि ये सब गैडिंग ध्यान नहीं गैडिंग जप कर रहे हैं।

इसके अलावा, ध्यान में जो शक्ति प्राप्त होती है, वह जप में प्राप्त नहीं की जा सकती। जप से उतना लाभ नहीं मिलता जितना ध्यान से मिलता है।

एक तरह से, वे ध्यान नहीं करते। इसलिए जो गैडिंग कर रहे हैं, उन्हें कोई प्राण शक्ति नहीं मिलती है। क्यों? क्योंकि अपार ब्र्म्मांडीय ऊर्जा केवल ध्यान की अवस्था में ही प्राप्त की जा सकती है, अर्थात उस अवस्था में, जहाँ मन काम नहीं कर रहा हो।

इसलिए पत्री जी ने स्पष्टता से कहा, कि कोई नाम नहीं, कोई मंत्र नहीं, कोई रूप नहीं । इसका मतलब है कि किसी भी चीज पर ध्यान करने की जरूरत नहीं है। लेकिन जिन्हें पत्री जी की बात समझ में नहीं आई, वे 'शब्द' पे ध्यान करवा रहे है। ऐसे करते हुए वे गैडिंग मैडिटेशन नाम देकर कहते है कि वे ध्यान करवा रहे हैं। लेकिन यह जानना चाहिए कि वे जो करते हैं वह जप है, ध्यान नहीं।

क्यों? हम जो भी करें, हमारी मेहनत व्यर्थ नहीं होनी चाहिए। हमें जीवन नहीं गंवाना चाहिए। जब हम कड़ी मेहनत करते हैं, तो हमें परिणाम मिलना चाहिए। निष्फल साधनों से कोई लाभ नहीं है।

इसलिए अपने विवेक का प्रयोग करें। यह ज्ञात होना चाहिए कि ध्यान का अर्थ आँखें बंद करना नहीं है, इसका अर्थ आँखें बंद करके कुछ करना नहीं है, ध्यान का अर्थ आँखें बंद करके 'कुछ नहीं करना' है, न केवल शरीर, इंद्रियों, मन को भी काम नहीं करना चाहिए। नहीं तो हम विफल हो जाएंगे। यह ज्ञात होना चाहिए कि बिना फल की साधना वृधा प्रयास बनेगा।

तो चलिए 'श्वास पर ध्यान' रखें जैसा कि पत्री जी ने कहा है।

आइए सही ध्यान करें।

पतंजलि महर्षि
‘निर्विषयं मनः ध्यानं’

पतंजलि महर्षि ने ध्यान के बारे में स्पष्टता से कहा हैं कि “निर्विश्य मनः ध्यानम”। इसका मतलब है मन में कोई भी विचार नहीं होना चाहिए । और मन में क्या होता है? विचार। याने ध्यान विचारों से छुटकारा पाने के लिए है।

स्वाभाविक रूप से मन का काम है सोचना! इसलिए अगर कोई सोच रहा है तो उसका मन काम कर रहा है। और अगर मन में कोई विचार नहीं है तो समझना है कि मन काम नहीं कर रहा है। क्योंकि मन का काम है सोचना। इसलिए, उस स्थिति से आसानी से जुडने का तरीका पत्री जी द्वारा सिखाया गया ‘श्वास पर ध्यान’ है।

इसलिए, गैडिंग करने में मन काम करता रहता है, इसलिए यह जानना चाहिए कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

ध्यान क्या है?
कुछ करना नहीं, कुछ भी नहीं करना।

स्वाभाविक रूप से मनुष्य जो कुछ भी करता है, अपनी इंद्रियों से करता है। ध्यान का अर्थ है इंद्रियों से कुछ न करना। इन्द्रियाँ दो प्रकार की होती हैं। 1. बाह्य इन्द्रियाँ, 2. आंतरिक इंद्रिय।

1. बाह्य इन्द्रियाँ दो प्रकार की होती हैं - A) कर्मेन्द्रियाँ , B) ज्ञानेन्द्रियाँ,

A) कर्मेन्द्रियाँ :- ये पाँच हैं - 1. हाथ, 2. पैर, 3. मुँह, 4. गुदा, 5. मूत्रमार्ग।

B) ज्ञानेन्द्रियाँ :- ये पाँच हैं - 1. आंखें, 2. नाक, 3. जीभ, 4. त्वचा, 5. कान।

2. आंतरिक इंद्रिय का अर्थ है मन।

मनुष्य बाहरी इंद्रियों और आंतरिक इंद्रिय मन के साथ कुछ नहीं करना चाहिए। याने बाहरी इंद्रियों को काम नहीं करना चाहिए। यहाँ तक कि आंतरिक इंद्रिय मन को भी काम नहीं करना चाहिए। यहाँ बाह्य इंद्रियों को निष्क्रिय और नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन भीतर का मन हमारी बात नहीं सुनता। यह हमारे नियंत्रण में नहीं होता है।

लेकिन जिस स्थिति में मन काम नहीं कर रहा है, उस स्थिति को प्राप्त करने का तरीका पत्री जी द्वारा सिखाया गया ध्यान, 'श्वास पर ध्यान' है। इस 'श्वास पर ध्यान' से कोई भी व्यक्ति आसानी से कुछ न करने की स्थिति याने ध्यान स्थिति तक पहुँच सकता है।

ध्यान का मतलब 'निर्गुणाराधना'

कुछ करना सगुणाराधना कहलाता है। कुछ न करना निर्गुणाराधना कहलाता है।

क्योंकि गुण का संबंध मन से होता है। इसलिए मन से किया गया जो कुछ भी ईश्वर से संबंधित है वह सगुण पूजा है।

इस प्रकार, यदि मन से इष्ट देव का नाम स्मरण किया जाए, गुरु के उपदेश के द्वारा प्राप्त मंत्र को मन से जप किया जाए, मन में ऊपर से नीचे तक, नीचे से ऊपर तक इष्ट देव के रूप की पूजा की जाए, तो वह सगुण पूजा हो जाती है। मन के द्वारा की गई सगुण पूजा जप कहलाती है।

लेकिन ईश्वर निराकार है। इसलिए मानवीय इंद्रियों से ईश्वर को देखना और जानना संभव नहीं है। इसलिए ईश्वर को जानने और देखने के लिए निर्गुण की उपासना करनी चाहिए। तभी ही निर्गुण अवस्था को प्राप्त कर सकते हैं। तभी ईश्वर का बोध हो सकता है।

भगवद्गीता में यही कहा गया है।

त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ।
निर्द्वन्द्वो नित्यसत्त्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान ।। (2-45)

तात्पर्य :- हे अर्जुन! वेद सभी विषय की त्रिगुणात्मक प्रकृति को प्रकट करते हैं। आप वह हैं जिन्होंने त्रिगुणों को त्याग दिया है, जो द्वैत से मुक्त हैं, जिन्होंने हमेशा पवित्रता का सहारा लिया है,

ऐसा कहा जाता है कि योग और क्षेम में दृष्टि न होनेवाले, आत्मज्ञानी बनो।

त्रिगुणें का मतलब तमोगुण, रजोगुण और सत्वगुण हैं। भगवान श्री कृष्ण ने सिखाया कि व्यक्ति को इन तीनों को पार करना चाहिए और निर्गुण तक पहुंचना चाहिए, अर्थात दिव्य अवस्था तक पहुंचना चाहिए।

ये तीन गुण मन के गुण हैं। इसके अनुसार, मन है तो वह त्रिगुणों में है। यह ऐसा है कि मन के अतिक्रमण से ही त्रिगुणों का अतिक्रमण है।

लेकिन जैसे पत्रीजी ने कहा है 'श्वास पर ध्यास' रखने से त्रिगुणों को पार कर सकते और निर्गुण स्थिति में उपस्थित हो सकते है। अंत में भगवद स्थिति को प्राप्त कर सकते हैं।

लेकिन गैडिंग करने वाले मन के पास रुक जाते हैं। वे तीनों को पार नहीं कर सकते। इसलिए गैडिंग करना ध्यान नहीं है। सगुणाराधना का अर्थ है 'झूठ की पूजा'। लेकिन निर्गुण पूजा का अर्थ है 'सच्ची आत्मा याने ईश्वर' की पूजा करना। इसलिए पत्री जी ने अपने 18 आदर्श सूत्रों में से एक, 14 सूत्र में कहा है, 'कोई मूर्ति पूजा नहीं, केवल सच्ची पूजा'। कारण यह है कि मूर्ति झूठी होती है। मूर्ति का एक रूप होता है, उसमें सफेद और काला गुण होता है। इसलिए पत्री जी ने कहा कि मूर्ति पूजा नहीं। याने कोई झूठी पूजा नहीं, उन्होंने कहा कि निराकार, शुद्ध और सत्य आत्मा की शरण लो।

इसके लिए 'श्वास पर ध्यास' रखकर ध्यान करने के लिए कहा।

इसलिए जान लें कि मन पर काम करनेवाला गैडिंग जो है वह असत्य आराधना बन जाता है।

ध्यान का अर्थ है 'सत्य की शरण लेना'।

ध्यान का अर्थ है सत्य की शरण लेना।

पहले जान लेते हैं कि सत्य क्या है।

सत्य क्या है?

जो शाश्वत है वही सत्य है।

पर शाश्वत क्या है?

जो नित्य है वह सनातन है।

और नित्य क्या है?

याने जो कुछ भी हमेशा है वह शाश्वत है!

जो बदलता नहीं है!

जिस में परिवर्तन नहीं होता है!

जो हमेशा ऐसा ही था।

और क्या नहीं बदलता है?

याने समय बदल जाए और युग बदल जाएं, तो भी यह बदलता नहीं है।

ऐसी विशेषता इस सृष्टि में किसकी है?

याने ईश्वर एक ही है। उस परमात्मा को आत्मा कहा जाता है। इसलिए जान लेना चाहिए कि आत्मा ही सत्य है। और सत्य आत्मा अर्थात परमात्मा कहाँ है?

भगवद्गीता के 10 वें अध्याय के 20 वें श्लोक में भगवान श्री कृष्ण यह कहते हैं।

अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः ।
अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च ।। (10-20)

तात्पर्य :- हे अर्जुन! मैं समस्त प्राणियों में विद्यमान 'आत्मा' हूँ। और

मैं जीवों का आदि और अंत हूँ। अर्थात ईश्वर ने स्वयं कहा है कि मैं कीट-पतंगों, पक्षियों, जल-जीवों तथा पशुओं और हर एक मनुष्य में विद्यमान हूँ। इसलिए हमें पता होना चाहिए कि हम सभी मनुष्यों के शरीर में सच्ची आत्मा याने ईश्वर मौजूद है। यह जान लेना चाहिए कि ध्यान ऐसी आत्मा अर्थात परमात्मा की शरण लेना है।

क्यों कि मनुष्य केवल शरीर ही नहीं है, शरीर के साथ अदृश्य मन भी है, मन के अतिरिक्त आत्मा भी है। इसलिए, यह जानना चाहिए कि शरीर, मन और आत्मा दिव्य तीनों का मिलाप ही मनुष्य है।

जैसा कि आप देख सकते हैं, मानव शरीर के अंदर मन है। मन के अंदर आत्मा है, जिसका अर्थ है कि ईश्वर है। ऐसे ईश्वर याने सत्य की शरण लेने का तरीका पत्री जी द्वारा सिखाया गया 'श्वास पर ध्यान' की साधना है।

जब भी हम ध्यान करने के लिए हाथ-पैर बांधते हैं और आंखें बंद करते हैं, हमारी सभी बाहरी इंद्रियाँ हमारे नियंत्रण में होती हैं। इसका मतलब है कि हम शरीर के अंदर गए हैं। तुरंत विचार आते हैं, अर्थात हम मन के पास रूक जाते हैं, लेकिन मन के भीतर नहीं जाते हैं। अर्थात सत्य याने आत्मा के निकट हम नहीं गए। फिर जैसे पत्री जी कहते हैं, विचारों को काट दो और 'श्वास पर ध्यान' रखो। ध्यान रखते - रखते थोडे समय के बाद जब सारे विचार रूक जाते हैं फिर हमारा मन काम नहीं करता।

तब हम मन के अंदर जाते हैं। चूंकि 'आत्मा' उस स्थिति में मौजूद है, इसलिए हम 'आत्मा' के साथ हैं, जिसका अर्थ है कि हम 'सत्य' के साथ हैं। इसका अर्थ है कि हमने सत्य की शरण ले ली है अर्थात हमने ईश्वर की शरण में हैं। ऐसे सत्य के साथ रहना ही ध्यान हैं ।

इसलिए हम कहते हैं कि सत्य की शरण लेना ही ध्यान है। इसका अर्थ है ईश्वर की शरण लेना, अर्थात ईश्वर पर ध्यान केंद्रित करना। ऐसे लोग धीरे-धीरे आत्मा याने ईश्वर तक पहुंचते हैं। न केवल करीब आने के लिए, बल्कि

धीरे-धीरे भगवान के साथ रहता हैं। जो लोग दिनों, महीनों, और वर्षों तक ऐसे ही रहते हैं, वे धीरे-धीरे इश्वर की स्थिति को पाते है। इसका तात्पर्य यह है कि व्यक्ति को ईश्वर के गुण और ईश्वर की शक्तियाँ प्राप्त होती हैं, इसलिए कहा गया है कि 'ध्यान का अर्थ है ईश्वर की स्थिति प्राप्त करना'।

अंत में वे इस सत्य का अनुभव करते हैं कि वे स्वयं भगवान हैं, अर्थात वैदिक वाक्यांश 'अहं ब्र्स्मास्मि'। उनकें जीवन को धन्य बनोते है। ऐसे लोगों को आम इंसान भगवान कहते हैं।

यह अवस्था उन्हीं के लिए संभव है, जो 'श्वास पर ध्यान' रखते हैं। इसके अलावा, यह उन लोगों के लिए संभव नहीं है जो गैडिंग 'शब्दों पर मनन' करते हैं। क्यों कि वे मन के पास ही रुक जाते हैं, वे मन से परे आत्मा अर्थात ईश्वर तक नहीं जाते।

इसलिए गैडिंग करना ध्यान नहीं है। क्यों कि 'ध्यान' ही आपको ईश्वर के करीब लाता है। इसलिए पत्री जी ने 'श्वास पर ध्यान' कहा।

बडों ने कहा है कि निराकार ध्यान करना चाहिए।

क्यों कि ‘भगवान परब्र्ह्म है’ जो आकार से परे है। रूप का अर्थ है आकार, इसलिए कहा जाता है कि परब्र्ह्म का कोई रूप नहीं है। इसलिए निराकार परब्र्ह्म को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को रूप ध्यान को छोड़कर निराकार ध्यान अर्थात ‘श्वास पर ध्यान‘ का अभ्यास करना चाहिए। कारण यह है कि केवल “सांस पर एकाग्रता” ही मनुष्य को पारलौकिक अवस्था में ला सकती है, अर्थात रूप से परे, इसलिए।

कारण यह है कि जप में मन होता है, जिसका अर्थ है कि मन कार्य करता है। लेकिन ध्यान में मन काम नहीं करता अर्थात मन नहीं होता। तो जानिए! ‘आंखें बंद करना ध्यान नहीं है, बल्कि मन को बंद करना ध्यान है’।

‘श्वास पर ध्यान’ मन की ऐसी शिथिल अवस्था को लाने का एक आसान उपाय है। कारण यह है कि श्वास मन से जुड़ी हुई है। तो पत्री जी कहते हैं कि “मुंह में मौन.. मन में शून्यता.. इसे ध्यान कहते हैं!”

‘श्वास ही मार्ग है!’ उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा। लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि शब्द मार्ग हैं। इसलिए, यह जान लें कि जितना अधिक आप श्वास पर ध्यान साधना करोगे उतना ही ईश्वर के साथ आपका संबंध बढ़ेगा।

हमें यहाँ क्या जानने की आवश्यकता है? गैडिंग ध्यान में हम शब्दों को सुनते हैं और मन के पास रूक जाते हैं। आत्मा के अतिरिक्त सब कुछ मिथ्या है, तो मन भी असत्य है! इसलिए जो गैडिंग कर रहे हैं। वे असत्य का सहारा लेते हैं। लेकिन पत्री जी ने कहा कि झूठ का सहारा मत लो। क्योंकि यदि असत्य का सहारा है तो वह साधना नहीं है। इसलिए मैं कहता हूँ कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

पारलौकिक स्थिति तक पहुँचना।

और हमें क्या कहना चाहिए? ध्यान का अर्थ है दिव्य अवस्था को प्राप्त करना। इसका अर्थ है इंद्रियों से परे की स्थिति में पहुंचना। जैसा कि हमने पहले कहा, इंद्रियों में पांच बाहरी इंद्रियाँ, पांच ज्ञानेंद्रियाँ और आंतरिक इंद्रिय मन।

पारलौकिक अवस्था में पहुँचना इन सबसे परे की स्थिति में पहुँचना है। जब कोई उस स्थिति तक पहुंच जाता है? क्या होता है? तुम्हें यह पता होना चाहिए।

ऐसी दिव्य अवस्था को प्राप्त करने वाले अलौकिक शक्तियों को प्राप्त करते हैं। वे उस दुनिया को तीसरी आँख से देख सकते हैं जो इन आंखों से नहीं देखी जा सकती। सूक्ष्म शरीर से आप लोकों में जा सकते हैं, जो आप इस शरीर के साथ नहीं जा सकते। कई पिछले जन्मों को देख सकते हैं, सूक्ष्म रूपों में गुरुओं से मिल सकते हैं और उनसे संवाद कर सकते हैं।

वे ऐसे काम करते हैं जो सामान्य मनुष्य नहीं कर सकते। वस्तुओं की सृष्टि कर सकते हैं, पानी पर चल सकते हैं, स्पष्ट रूप से जान सकते हैं कि दूसरे मन में क्या सोच रहे हैं, महानता दिखा सकते हैं। जो दिव्य अवस्था में पहुँच चुके हैं वे इस प्रकार की शक्तियाँ प्राप्त कर सकते हैं और जिनके पास ऐसी शक्तियाँ हैं उन्हें संसार में देवता भी कहा जाता है।

और ऐसी पारलौकिक अवस्था यान इंद्रियों से परे की स्थिति केवल "श्वास पर ध्यान" के माध्यम से ही पहुंची जा सकती है, जैसे कि पत्री जी ने सिखाया है। लेकिन गैडिंग से यह संभव नहीं है। गैडिंग में व्यक्ति मन के पास रुक जाते हैं लेकिन मन से परे की स्थिति तक नहीं पहुँच सकते। इसलिए मैं कहता हूँ कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

राजयोग का अभ्यास।

ध्यान अर्थात राज योग का अभ्यास करना है। योग का अर्थ है मिलन, अर्थात एक साथ होना । जिसके साथ में हो तो उसका योग कहते हैं।

संगीत के साथ हो तो इसे 'नाद योग' कहते हैं। अगर शरीर के साथ आप आसन करते हैं तो 'हठ योग' कहा जाता है।

पुस्तकों के साथ है तो 'ज्ञानयोग' कहा जाता है।

यदि पत्नी, पति और बच्चों के साथ रहते हैं तो 'संसार योग' कहलाता है।

ऐसे किस के साथ मिल जाए तो उसका योग कहते हैं। लेकिन सबसे बड़ा राजा है, सबसे बड़ा योग 'राजयोग' है। राजयोग किसे कहते हैं?

वह जो सृष्टि में सबसे महान है वह परब्रह्म है। कारण यह है कि वह सृष्टिकर्ता है, जो सृष्टि का आधार है, सृष्टि का स्रोत है, जो सृष्टि का संचालन करता है। ऐसे परब्रह्म को आत्मा कहा जाता है। ऐसी आत्मा सभी में विद्यमान है।

यदि इस प्रकार के भाव का साथ हो तो इसे 'राजयोग' कहते हैं। ऐसा महान 'राजयोग' पत्री जी द्वारा सिखाए गए 'श्वास पर ध्यान' से ही संभव है।

लेकिन गैडिंग से संभव नहीं है। गैडिंग में वे मन के साथ रहते हैं और मन को पार नहीं करते। आत्मा का अर्थात परब्रह्म तक पहुँच नहीं सकते, कोई परब्रह्म के साथ नहीं रह सकता। यही कारण है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

ध्यान करना योगी होना है।

भगवान श्री कृष्ण योगी की महानता को निम्नलिखित श्लोक द्वारा बताते हैं

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः ।

कर्मिभ्य श्चाधिको योगी तस्मा द्योगी भवार्जुन ।। (6-46)

तात्पर्य : तपस्वी (जप, तपस्या करने वाला) से योगी श्रेष्ठ है, ज्ञानी (पुस्तकीय ज्ञान, विद्वानों का ज्ञान) से योगी श्रेष्ठ है। कर्म (नित्य, नैमित्तिक कर्म, यज्ञ कर्म) करने वाले से योगी श्रेष्ठ है। इसलिए हे अर्जुन ध्यान योगी बनो!

इस तरह भगवान कृष्ण ने गीता के माध्यम से योगी की महानता के बारे में बताया है। अर्जुन को भी योगी बनने की शिक्षा दी गई । पर योगी कौन है? योगी बनने के लिए आप क्या कर सकते हैं? चलो पता करते हैं।

योगी वह है जो योग का अभ्यास करता है। और योग क्या है? जो योग शास्त्र के पितामह योगाचार्यों मे सभी के गुरु पतंजलि महर्षि ने कहा है कि 'योगः चित्त वृत्ति निरोधः'। अर्थात योग चित्त की वृत्तियों को रोकने के लिए है।

यहाँ चित्त का अर्थ है मन, वृत्ति का अर्थ है विचार और निरोध का अर्थ है निवारण । इसका अर्थ है जो मन में विचार बिना रह सकता है! पतंजली महर्षि ने कहा जो अपने मन के बिना काम कर सकते हैं वे ही योगी हैं।

और आसानी से उस स्थिति तक पहुँचने का रास्ता बताया गया जहाँ मन काम नहीं करता है और विचारहीन है, वह ध्यान है 'श्वास पर ध्यान' जो पत्री जी ने हमें सिखाया। 'श्वास पर ध्यान' द्वारा निर्विचार अर्थात योग स्थिति में आसानी से पहुँचा जा सकता है। योगी वही है जो उस मार्ग पर पहुँचेंगे।

लेकिन गैडिंग में यह संभव नहीं है। कारण यह है कि वे मन के पास रुक जाते हैं। मन काम न करने की स्थिति तक नहीं पहुँच सकते। वे कभी योगी नहीं बनेंगे जैसा कि भगवान कृष्ण ने कहा था। इसलिए गैडिंग करने वाले योगी नहीं बन सकते। यह केवल उनके लिए संभव है जिन्होंने श्वास पर ध्यान किया है।

इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

प्राकृतिक अवस्था में होना

ध्यान का अर्थ है प्राकृतिक अवस्था में होना। इसे समझने के लिए पहले हमें यह जानना होगा कि हम कौन हैं? हम शरीर नहीं, आत्मा हैं। हम जब आत्मस्थिति मे होते हैं। वहीं हमारी प्राकृतिक अवस्था है। उस स्थिति पर जाने के लिए मन को पार करना चाहिए। मन को पार करने के लिए 'श्वास पर ध्यान' ही एकमात्र मार्ग है।

हमने पहले सीखा था कि 'श्वास पर ध्यान' के माध्यम से हम धीरे-धीरे निर्विचार, मन के काम न करने की स्थिति में पहुँच जाते हैं। उस स्थिति में केवल आत्मा ही है! चूंकि हम आत्मा हैं, वह हमारी प्राकृतिक स्थिति है। केवल एक जो उस अवस्था में लेजा सकती है, वह है 'श्वास पर ध्यान'।

इसके अलावा, गैडिंग में हम मन के पास रुक जाते हैं। हम अपनी प्राकृतिक अवस्था तक नहीं पहुँच सकते। इसलिए यह जान लेना चाहिए कि गैडिंग ध्यान नहीं है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

अलौकिक अवस्था ही ध्यान है।

लौकिक मतलब सांसारिक याने दुनिया से सम्बंदित है। अलौकिक का मतलब जो लौकिक नही है। जिसका संबंध संसार से नहीं है, उसका अर्थ है कि आध्यात्मिकता, जिसका संबंध ईश्वर से है।

ऐसी अलौकिक स्थिति केवल 'श्वास पर ध्यान' याने भगवान के साथ रहने से ही प्राप्त की जा सकती है।

इसे स्पष्ट करने के लिए! अलौकिक आत्मा के साथ होना ही ध्यान है। जान लें कि यह ध्यान ही है जो भगवान के साथ रह सकता है।

तभी हमें शक्ति आती है, गुण बदलते हैं, बुराई दूर हो जाती हैं, कर्म से मुक्त होते हैं, कठिनाइयों से बाहर निकलते हैं, आदि।

इसलिए पत्री जी ने कहा, न नाम, न मंत्र, न रूप। कारण यह है कि ये सभी सांसारिक हैं। कोई कितना भी समय गैडिंग में बैठे, ध्यान शब्दों पर होता है, जिसका अर्थ है कि मन काम करता रहता है, जिसका अर्थ है कि वह एक सांसारिक स्थिति में रहता है। इसलिए गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

भगवान श्रीकृष्ण ने भृगु स्थान पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

भगवान श्री कृष्ण साधकों को भृगुस्थान पर ध्यान केंद्रित करने को गीता में इस नम्नलिखित शलोक के माध्यम से कहा

समं कायशिरोग्रीवं धारयन्नचलं स्थिरः।
संप्रेक्ष्य नासिकाग्रं स्वं दिशश्चानवलोकयन।। (6-13)

तात्पर्य : साधक को अपने शरीर, गर्दन और सिर को सीधा रखना चाहिए, दिशाओं की ओर नहीं देखना चाहिए, बल्कि नासिकाग्राम पर ध्यान देना चाहिए।

ध्यान करने वालों को क्या करना चाहिए? कैसे करें ध्यान? पत्री जी ने भगवान कृष्ण की कही हुई बातों का अच्छा विवरण दिया।

पत्री जी कहते है की 'समं काय शिरोग्रीवम' का अर्थ है शरीर, गर्दन और सिर को स्थिर रखना याने इन्हें सीधा रखना नहीं । उसका मतलब है कि कायम याने शरीर से किए गए कार्य, शिराम याने मन में विचार, ग्रीवाम याने मुंह से बोले गए शब्द 'समान' याने एक ही प्रकार के होना चाहिए। इस श्लोक का यही अंतरार्थ पत्रीजी द्वारा कहा गया था।

अर्थात कर्म, विचार और वचन एक ही प्रकार के होने चाहिए। इसका अर्थ है 'त्रिकर्णशुद्धि' होना चाहिए। इसका मतलब यह है कि हम जो करते हैं हम जो शब्द बोलते हैं और जो विचार हम सोचते हैं सब अलग अलग नही होना चाहिए। और स्पष्ट रूप में कहा जाये तो हमें वह कहना चाहिए जो हम सोचते हैं, और जो कहा जाए वह करना चाहिए। इसे त्रिकरणशुद्धि कहा जाता है।

इसके अनुसार ध्यान करने वालों को यह जानना चाहिए कि उन्हें विशेष रूप से त्रिकरण शुद्धि रहना चाहिए। ऐसे लोग ध्यान अच्छी तरह कर सकते हैं।

भगवान कृष्ण कहते हैं कि जो त्रिगुण शुद्धि के साथ-साथ दिशाओं को

देखे बिना जो स्थिर रहता हैं उसको नासिकाग्रम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

शरीर को यहाँ स्थिर रखने के लिए, हाथ सामने बंधे हों, दोनों पैर बंधे हों, मुंह बंद हो, दोनों आंखें बंद हों.. ऐसे बैठने के बाद मन विभिन्न दिशाओं में दौड़ता है, याने कई दिशाओं में जाता है। यह विभिन्न प्रकार से सोचता रहता है। और ऐसे मन को स्थिर रखने के लिए, सोचने वाले मन को श्वास की ओर निर्देशित करना चाहिए, अर्थात श्वास पर ध्यान होना चाहिए।

तब फिर से विचार आते हैं तो विचारों को काट देना चाहिए और मन को वापस श्वास पर ध्यान लगा देना चाहिए। ऐसा करने से... धीरे-धीरे... विचार घटते जाते हैं... एक अवस्था में... एक स्तर पर... सारे विचार रुक जाएंगे.. मन निर्विचार हो जाता है। मन इधर उधर दौडता नहीं याने कोई विचार नहीं होते। तब मन किसी भी दिशा में नहीं जाता। अर्थात किसी भी दिशा को नहीं देखता मन स्तिर रहता हैं। तब हम वैसा ही करेंगे जैसा भगवान कृष्ण ने कहा हैं।

उन्होने और कहा कि 'ध्यान नासिकाग्रम पर दृष्टि रखना चाहिए'। यहाँ नासिकाग्रम अर्थात नाक का अंतिम भाग नहीं हैं। दोनों आँखो के बीच में भाग को भृमध्य कहा जाता हैं। भूमध्य ही नाक का अग्रस्थान है। वहाँ 'दृष्टि रखना चाहिए' अर्थात अंतर दृष्टी को भृमध्य पर रखना चाहिए।

यह 'श्वास पर ध्यान' रखने से ही संभव है। आइए जानें कैसे। बहुत से लोगों को संदेह है कि ध्यान को 'श्वास पर ध्यान' क्यों कहा जाता है। निर्विचार अवस्था को ध्यान कहते हैं। और इसे 'श्वास पर ध्यान' रखने को कहा जाता है। क्या 'श्वास पर ध्यान' का मतलब मन होना ही है? फिर यह 'ध्यान' कैसे हो सकता है? वे पूछते हैं।

लेकिन याद रखें कि 'श्वास पर ध्यान' रखना ध्यान नहीं है। इससे हम ध्यान की अवस्था प्राप्त नहीं कर सखते है। जब कोई निर्विचार अवस्था को प्राप्त करता है। तब हम समझ सकते हैं कि इसने ध्यान किया।

याने मन खाली हो जाए, सारे विचार बंद हो जाएं, वही ध्यान अवस्था है। तब उसने ठीक ध्यान किया। मन को पूरी तरह कि विश्रांति देना चाहिए।

मन काम ही न करे, यही ध्यान की अवस्था है।

उस अवस्था को प्राप्त करने का एक ही सरल उपाय है 'श्वास पर ध्यान' अर्थात जहाँ मन काम न कर रहा हो उस अवस्था को प्राप्त करने के लिए आपको 'सांस पर ध्यान' रखना होगा अर्थात 'श्वास पर ध्यान' सबसे आसान तरीखा है ध्यान की स्थिति प्राप्त करने केलिए।

'श्वास पर ध्यान' एक मार्ग है लेकिन ध्यान नहीं। इसे जानना चाहिए। ध्यान करने जैसा नहीं, बल्कि ध्यान अवस्था में आने का प्रयास करना।

ऐसे करते... करते धीरे से... मन न काम ध्यान की अवस्था में आ जाती है । जो ऐसी ध्यान अवस्था को प्राप्त करने के बाद उसकी स्थिती के अनुसार बैठते हैं। कुछ ऐसे होते हैं जो अधिक समय तक रहते हैं.. कुछ ऐसे हैं जो बहुत कम समय के लिए रहते हैं.. कुछ ऐसे भी हैं जो कुछ मिनटों के लिए और कुछ घंटों के लिए भी ऐसे ही रहते हैं। यह सब उनके स्तर पर निर्भर करता है, साधना के अनुसार, प्रयास के अनुसार, उनके द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों के अनुसार, उनके अभ्यास के अनुसार।

हालाँकि, केवल 'श्वास पर ध्यान' लगाना ही ध्यान नहीं है। यदि आप मन के विचारों को मुक्त रख सकते हैं तो यह ध्यान करने जैसा है।

भृगुस्थान पर ध्यान रखना चाहिए ।

भृगुस्थान पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब क्या होता है। आइए जानें कि 'श्वास पर ध्यान' के माध्यम से ऐसी अवस्था कैसे प्राप्त की जा सकती है।

ध्यान दें कोई नाराज हो तो! उत्तेजित हो! क्रोधित हो! उनकी सांस तेज होती है। एक तरह से दूसरों को भी यह पता चलता है। लेकिन अगर वे शांत हैं तो उनकी सांस धीमी होती है। इसका मतलब है कि हमारे मन और सांस के बीच में संबंध है। अर्थात कोई भी जानता है कि जब मन उत्तेजित होता है तो श्वास लम्बी होती है और जब मन शांत होता है तो श्वास छोटी होती है।

उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि आप अभी अभी ध्यान के लिए अपनी आंखों को बंद करते है। शुरूआत में, स्वाभाविक रूप से, हर किसी को अधिक विचार आते हैं। फिर मान लें कि आप से छोडा हुआ सांस जिसे आपने अपनी नाभि तक आती और वापस जाती है। इसलिए यदि आप विचारों को

काट कर श्वास पर ध्यान खने से धीरे-धीरे... कुछ घंटों के लिए रोक देते हैं तो आप देखेंगे कि आपके विचार कम हो गए हैं। इसका मतलब है कि आपका मन थोड़ा शांत हुआ है। फिर आपका सांस छोड़ना आपकी छाती तक आकर वापस आती है। और अगर आप ऐसा करते हैं तो आपके विचार कम होते चले जाएंगे। आपका मन और भी शांत होता रहेगा।

तब आपकी सांस गले तक आकर वापस जाता है। जैसे-जैसे विचार कम होते जाते हैं, आपकी सांस आपके मुंह तक जाती है, फिर आपकी नाक तक, धीरे-धीरे आपकी नाक के केंद्र तक और अंत में जब आपके विचार पूर्ण रूप से रुक जाते हैं, यानि जब आपका मन पूरी तरह से शांत हो जाता है, तब आपकी सांस आपके भृगु में रुक जाती है।

उस अवस्था में किसी प्रकार का कोई विचार नहीं होता.. सांस को भी नहीं देखते। वह 'ध्यान अवस्था' है। अब आपका ध्यान भृगु पर है। यह ध्यान की अवस्था है, जिसका उल्लेख भगवान श्रीकृष्ण ने किया।

जो कोई भी "श्वास पर ध्यान" करता है, स्वाभाविक रूप से उस स्थिति तक पहुंच जाएगा। जिन लोगों ने इस स्थिति को प्राप्त किया है, वे ध्यान की स्थिति प्राप्त कर चुके हैं। जब तक आप ऐसे ही रहते हैं तब तक आप ध्यान ही कर रहे हो।

लेकिन यह उन्हीं के लिए संभव है जो 'श्वास पर ध्यान' रखते है। इसका कारण यह है कि सांस और मन के बीच संबंध हैं। इसलिए आइए श्वास पर ध्यान लगाकर इस ध्यान की स्थिति को प्राप्त करें।

इसलिए जान लें कि जैसा भगवान कृष्ण ने कहा है, गैडिंग करके भृगु स्थान पर ध्यान केंद्रित करना संभव नहीं है। इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

सुप्रा कॉन्शियस स्टेट।

ध्यान चेतना नहीं है। उपचेतन नहीं है, सुप्रा चेतना स्थाई पर जाना है। ये सब मन की अवस्थाएं हैं। तो मन के बारे में कुछ जानना चाहिए।

मन तीन प्रकार अवस्थाओं में मौजूद है।

1. Conscious Mind का अर्थ है चेतना।

इसका अर्थ है जागृदावस्था में रहना। याने सतह में। यहाँ शरीर, इंद्रियाँ और मन काम कर रहे हैं।

2. Sub Conscious Mind का अर्थ है उपचेतना।

इसका अर्थ है स्वप्न अवस्था में होना। इसका मतलब है कि यह थोड़ा गहरा है। यहाँ शरीर और इन्द्रियाँ काम नहीं करतीं, पर मन काम करता है।

3. Supra Conscious Mind इसका अर्थ है सुषुप्ति में होना।

इसका मतलब गहराई में है। इस अवस्था में मन काम नहीं करता है, और इसे गहरी नींद भी कहा जाता है। इसे ध्यान स्थिति भी कहा जाता है।

पत्री जी कहते है कि सुषुप्ति अवस्था - ध्यान अवस्था दोनों एक ही हैं। लेकिन दोनों में क्या अंतर है? सुषुप्ति अवस्था में जागरूकता नहीं होती। लेकिन कहा जाता है कि जागरूकता ध्यान की अवस्था में मौजूद होता है।

इस प्रकार की मनः स्थिति गैडिंग में संभव नहीं है। लेकिन ‘श्वास पर ध्यान’ से ही यह संभव है।

लेकिन गैडिंग करने में मन काम करता ही रहता है तो जान लें कि यह ध्यान नहीं है।

मन के महत्व को कम करना।

ध्यान का मतलब मन के महत्व को कम करना, आत्मा के महत्व को बढ़ाना।

इसका अर्थ है मानवीय गुणों को कम करना और दिव्य गुणों को बढ़ाना।

इसका मतलब है कि इंसान माधव बन रहा है।

यह केवल 'श्वास पर ध्यान' से ही संभव है, गैडिंग से संभव नहीं है, क्योंकि गैडिंग ध्यान नहीं है।

क्योंकि यदि हम 'श्वास पर ध्यान' करते हैं तो हम ध्यान की उस अवस्था में पहुँच जाते हैं जहाँ मन काम नहीं करता। उस अवस्था में हमें अपार प्राणशक्ति प्राप्त होती है। जैसे-जैसे शक्ति बढ़ती है, उनका मन पवित्र होता जाता है, अर्थात मन का महत्व कम होता जाता है।

मनुष्य के शरीर में अदृश्य मन है, आत्मा मतलब ईश्वर भी है। स्वाभाविक रूप से मानव के आहार व्यवहार से मन दूषित होता है और मन का महत्व अधिक होता है। इसलिए, जैसा मन कहता वैसा शरीर चलता है और काम करता है । इसलिए मानवीय लक्षण ही होती हैं।

लेकिन तीव्र ध्यान साधना में जैसे-जैसे मन शुद्ध होता जाता है, वैसे-वैसे मन का महत्व कम होता जाता है। जैसे-जैसे मन का महत्व घटता जाता है, वैसे-वैसे आत्मा का महत्व बढ़ता जाता है। याने आत्मा जैसा कहता है, वैसा ही शरीर काम करता रहता है। अर्थात उनमें दैवीय गुणों की वृद्धि हो रही है।

इसलिए, उनकी गलतियाँ और पाप कम हो जाते हैं। इसके अलावा, अच्छे काम और पवित्र काम दुनिया के कल्याण के लिए काम अधिक करते हैं।

इस प्रकार आहार के नियमों का पालन करते हुए जितना अधिक 'श्वास पर ध्यान' करेंगे, उनमें व्यर्थ राक्षस लक्षण गायब हो जाएंगे और मानवीय

लक्षण आ जाएंगे। अर्थात दूसरों को अन्य जीवों पर हिंसा करना बंद हो जायेगा परपीड़न मिट जाएगा, दुर्व्यसन मिट जाएंगे, दुर्गुण भी बदल जाएंगे।

यदि तीव्रता से साधना जारी रखी जाए तो मानवीय गुण लुप्त हो जाएंगे और माधव गुण अर्थात दैवीय गुण वृद्धी होने लगेंगे। याने सब कुछ एक है! सब मैं ही हूँ! ऐसा भावना करते हैं ऐसे लोग किसी को हानि नहीं करते, सबसे प्रेम करते हैं और सबसे मित्रता करते हैं। हर कोई सबका भलाई चाहते हैं शांति, प्रेम, करुणा और दया उनके स्वाभाविक गुण बन जाते हैं।

अंत में वही मनुष्य माधव बन जाता है। यह बदलाव 'श्वास पर ध्यान' से ही संभव है और गैडिंग से यह संभव नहीं है। गैडिंग करने के कितने ही वर्ष बीत जाएं, इंसान वही रहता है, उसमें कोई बदलाव नहीं आता। उसके व्यवहार, बातों मे, गुणो में, सोच में, आदतों, व्यसनों में कोई बदलाव नहीं होता है।

लेकिन जैसे-जैसे मन का महत्व कम होता है उसमें कई बदलाव आते हैं। उसकी हरकतें बदल जाती हैं, उसका व्यवहार बदल जाता है, उसकी सोच बदल जाती है, उसकी बातें बदल जाती हैं।

गैडिंग में ये सब संभव नहीं है। इसलिए कितने ही वर्ष गैडिंग कर लें, उनमें कोई परिवर्तन नहीं होता, व्यवहार नहीं बदलता। उन्हे लगता है कि वे बस कर रहे हैं, इस प्रकार सन्तुष्ट हो जाते हैं, और उन्हे कोई फाइदा नहीं दिखता। तो जान लें कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

“हिंसा छोड़ो। हंसा पकडो।”

पत्री जी ने कहा है कि मैंने 50 हजार किताबें पढ़ा हैं। मैंने उन सभी को मिक्सर में डाल दिया। इसका सारांश दो ही शब्दों में 1) हिंसा छोड़ो। 2)हंसा पकडो।

उन्होंने और कहा है कि ये दोनों ही समस्त मानवीय समस्याओं का समाधान हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन सभी मनुष्यों को उनकी समस्याओं से मुक्त करने के लिए काम करते हुए बिताया। वे जहाँ भी जाते, सभी को हिंसा छोडने को कहते हैं। बाद में ‘श्वास पर ध्यान’ रखकर ध्यान करने को बोलते हैं। वे कहते है कि हिंसा का कारण माँसाहार है। जब कोई उनके पास आता है और कहता है कि मुझे यह समस्या है तो वे ‘श्वास पर ध्यान’ करने के लिए कहते है। उन्होने भी कहा है कि मेरे जीवन का लक्ष्य ये दो ही है।

इसलिए वे :-

1. सभी को हिंसा छोडना चाहिए। अर्थात हिंसा का कारण मांस भक्षण है। उसे छोड़ना चाहिए।

2. हंसा का अर्थ है सांस को पकडना। इसका अर्थ है ‘श्वास पर ध्यान’ रखकर ध्यान साधना करनी चाहिए।

इसके अलावा उन्होंने शब्दों को धारण करने के लिए नहीं कहा, उन्होंने शब्द पर ध्यान करने के लिए नहीं कहा, कारण यह है कि ये परिवर्तन गैडिंग में नहीं आएंगे। क्योंकि समस्याओं का हल नहीं होता, कारण यह है कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

चार प्रकार के 'मोक्ष मार्ग'।

भगवद्गीता के माध्यम से भगवान कृष्ण द्वारा बताए गए चार प्रकार के 'मोक्ष मार्ग में भी ध्यान करने को ही कहा मतलब 'श्वास पर ध्यान' रखना'।

1.भक्ति मार्गः

उपनिषदों में भक्ति को 'स्व स्वरूपानुसंधनं भक्तिरित्य भिद्यते' के रूप में परिभाषित किया गया है। यहाँ स्व का अर्थ है हमारा स्वरूप आत्मा से अनुसंधान होना ही "भक्ति" है। यही उपनिषदों मे बताया गया है।

इसका कारण यह है कि आत्मा ही ईश्वर है। क्योंकि आत्मा पर ध्यान ही परमात्मा पर ध्यान है।

इसलिए आत्मा पर ध्यान केंद्रित करने का एक तरीका है 'श्वास पर ध्यान' ही ध्यान है इसलिए सबको जानना चाहिए कि ध्यान ही भक्ति है लेकिन गैडिंग नहीं।

2. कर्म मार्ग :

किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः।
तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात।। (भ.गी. 4-16)

तात्पर्य :- कर्म और अकर्म के मतलब को विद्वान भी नहीं समझते हैं कि कर्म, अकर्म को जानकर दुख भरी अज्ञानता से विमुक्त होने कें लिए कर्म के बारे में जानो।

यहाँ 'अकर्म' क्या है? पहले जानो। अकर्मा इसका अर्थ है निष्फल कर्म।

'कर्म' का अर्थ है फल देने वाला ही कर्म। योगियों ने परिणाम देने वाले आत्म कर्मो को महत्व दिया। पत्री जी भी आत्म कर्म ही करने को कहते है। इसलिए पत्रीजी कहते है 'श्वास पर ध्यान' ही साधना है जो परिणाम दे सकती है।

इसलिए जो कोई 'श्वास पर ध्यान' रखकर ध्यान करता है, वह ज्ञान

पाकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

लेकिन गैडिंग से यह संभव नहीं है। इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

3. ज्ञान का मार्ग :

पत्री जी कहते हैं कि

'ध्यान से ज्ञान, ज्ञान से कर्मों से मुक्ति'

कर्मों के मुक्ति से मोक्ष को प्राप्त करते है।

इसलिए पत्री जी कहते हैं कि 'श्वास पर ध्यान' रखकर ध्यान करो और ज्ञान प्राप्त करो। वे आत्मज्ञान को अधिक महत्व देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि "श्वास पर ध्यान" करने से ही हर एक आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है।

लेकिन गैडिंग करने से ज्ञान नहीं मिलता। इसलिए यह जान लेना चाहिए कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

4. योग मार्ग : भगवान कृष्ण ने अर्जुन को योगी बनने को कहा। यह भी कहा जाता है कि योगी सबसे महान है।

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिकः।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन।। (भ.गी. 6-46)

तात्पर्य :- एक तपस्वी (जो जप, तपस्या करता है) से योगी महान है, एक ज्ञानी (पुस्तकीय ज्ञान, विद्वानों का ज्ञान) से योगी महान है, एक कर्म करने वाले से योगी महान है (नित्य, नैमित्तिक कर्म, यज्ञ यगदि कर्म)। इसलिए 'हे अर्जुन ध्यान योगी बनो' ।

और योगी कौन है?

पतंजलि महर्षि ने कहा था, 'एक योगी वह है जो अपनी भावनाओं को नियंत्रित करता है।' जैसा कि पतंजलि महर्षि ने कहा, 'चित्त वृत्ति' को रोकने का सबसे आसान तरीका पत्री जी द्वारा सिखाया गया 'श्वास पर ध्यान' है।

ऐसे ध्यान के अभ्यास मतलब योग अभ्यास करते हुए बीच में अगर मै शरीर छोड दूँ तो मेरी परिस्थिति क्या होगी ऐसा भगवान श्री कृष्ण से अर्जुन ने पूछा

कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति।

अप्रतिष्ठो महाबाहो विमूढो ब्र्ह्मणः पथि।। (भ.गी. 6-38)

तात्पर्य :- हे कृष्ण! ब्र्ह्म के मार्ग में (योग के मार्ग में) क्या अस्थिर मूर्ख इह, पर इन दोनों लोकों में दुष्ट होने के कारण बिखरे हुए बादल के समान नाश हो जाएगा क्या?

उस तरह अर्जुन ने पूछा! उस पर श्री कृष्ण क्या कहते हैं कि

प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः।

शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते।। (भ.गी. 6-41)

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम्।

एतद्धि दुर्लभतरं लोके जन्म यदीदृशम्।। (भ.गी. 6-42)

तात्पर्य :- ऐसा योगभ्रष्ट (जो योगाभ्यास के बीच में शरीर को छोड़ देता है) मृत्यु के बाद पवित्र आत्माओं की दुनिया को प्राप्त करता है, वहाँ कई साल बिताता है, और फिर पवित्र और अमीर के घर में जन्म लेता है या बुद्धिमान योगियों के परिवार में पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि दुनिया में इस तरह के जन्म लेना महा दुर्लभ है।

इस तरह के योग को प्राप्त करने का तरीका पत्री जी द्वारा सिखाया गया 'श्वास पर ध्यान' है।

लेकिन गैडिंग नहीं। इसलिए गैडिंग करना ध्यान नहीं है। आपको यह पता होना चाहिए। साथ ही यह भी जान लेना चाहिए कि भगवान श्री कृष्ण ने जिन चार मार्गों का उल्लेख किया है, उनमें से कोई भी मार्ग गैडिंग में प्राप्त नहीं हो सकता।

बुजुर्ग क्या कहते हैं?

उन्होंने कहा, 'अगर वासना है, तो राम नहीं होगा।'

वासना का अर्थ है इच्छा, इच्छाओं का संबंध मन से होता है। इसलिए यदि मन है तो राम का अर्थ है कि आत्मा नहीं रहती है। मन न होने पर ही आत्मा प्रकट होती है। इसका मतलब है कि राम रहता है। मतलब आत्मा रहता है।

लेकिन गैंडिंग में मन होता है। इसलिए गैडिंग में आत्मा के साथ नही रह सकते हैं, आत्मा याने भगवान तक नहीं पहुंच सकते है। परमात्मा तक पहुंचे बिना गैडिंग ध्यान कैसे हो सकता है? इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

बुजुर्ग और क्या कहते हैं?

उन्होंने कहा, 'यदि कंस है, तो कृष्ण नहीं होगा।' यहाँ, कंस का अर्थ है राक्षसी गुणों वाला मन इसलिए, यदि मन है, तो कृष्ण का अर्थ है कि आत्मा नहीं रहता है।

लेकिन गैडिंग करने में मन रहता है। इसलिए गैडिंग में आत्मा के साथ नहीं रह सकते है, आत्मा याने भगवान तक नहीं पहुंच सकते है।

इसलिए कहा जाता है कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

एकाग्रता - ध्यान।

किसी एक पर मन को लगन करना एकाग्रता कहलाता है। इसी तरह मन को गैडिंग करने में बातों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समय आप गुरु की कही बातों पर ध्यान देंगे। इसलिए गैडिंग एकाग्रता के अंतर्गत आता है लेकिन ध्यान के अंतर्गत नहीं आता। कारण यह है कि एकाग्रता अलग है ध्यान अलग है।

तो आइए एकाग्रता और ध्यान में अंतर को जानेंगे।

1. मन एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में काम करता है। लेकिन ध्यान में मन काम नहीं करता।

2. मन एकाग्र होकर काम करने से याने गैडिंग करने से ऊर्जा खोजाती है। लेकिन ध्यान में मन काम नहीं करता, इसलिए ऊर्जा नष्ट नहीं होती, बल्कि प्राण शक्ति को खूब बढ़ाना होगा।

3. लंबे समय तक एकाग्रता याने गैडिंग में ऊर्जा की कमी के कारण बैठ नहीं सकते। लेकिन ध्यान में ऊर्जा बढ़ने के कारण घंटों, दिनों, महीनों या वर्षों तक उठे बिना बैठ सकते हैं। (उन्हें भोजन और पानी की आवश्यकता नहीं होती है। इसके अलावा, जो लोग भोजन और पानी नहीं लेते हैं, उन्हें मल और मूत्र त्यागने की आवश्यकता भी नहीं होती है। इसलिए मुम्मिदिवरम बालयोगी 45 वर्षों तक ध्यान में रह गये।

4. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग करने में जागरूकता नहीं होता, जागरूकता नहीं बढ़ता। लेकिन ध्यान में जागरूकता होता है, बढ़ता है।

5. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में आत्मा के साथ नहीं रहते, इसलिए परमेश्वर का शरण नहीं ले सकते लेकिन ध्यान में आत्मा के साथ अर्थात परमात्मा के साथ होते हैं, ईश्वर का आश्रय लेते हैं।

6. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग करने में अंतरात्मा प्रभोद को नहीं सुन सकते। लेकिन ध्यान में आप अंतर आत्मा का प्रबोध सुन सकते हैं।

7. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग करने में मन से विचार आते हैं। लेकिन

ध्यान में आत्मा से संदेश आते हैं।

8. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में 'अवचेतन' अवस्था अर्थात स्वप्न अवस्था में होते हैं। लेकिन ध्यान में 'अतिचेतन' सुशुप्ति अवस्था में होते हैं।

9. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में सम्मोहित किया जाता है। लेकिन ध्यान में वे प्राकृतिक अवस्था में होते हैं।

10. एकाग्रता में अर्थात गैंडिंग में असत्य मन से होते है। इसलिए गैडिंग करने वाले असत्य का सहारा लेते है। लेकिन ध्यान में 'सत्य के साथ रहते है', अर्थात सच्ची आत्मा के साथ। इसलिए, जिन्होंने 'सांस पर ध्यान' किया है, वे सत्य का सहारा लेने वाले बन जाते हैं। (इसलिए पत्री जी अपने 18 आदर्श सूत्रों में 14 वें सूत्र में ... झूठी मूर्तिपूजा नहीं, बल्कि सच्ची आत्म-पूजा करो कहते हैं।) पत्रीजी ने सभी पिरमिड मास्टरों से इन नियमों का पालन करने को कहा था।

11. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में जो मन आप नही हो उसके साथ रहते हो लेकिन ध्यान में आप अपने साथ रहते हो।

12. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में आप स्वयं को कभी नहीं जान सकते। लेकिन ध्यान में अपने आप को जान सकते हैं।

13. एकाग्रता में गैंडिंग अर्थात अज्ञान नहीं मिटता, आत्मज्ञान भी नहीं 'पा सकते है' । लेकिन ध्यान में अज्ञान दूर हो जाता है। आत्मज्ञान उत्पन्न होता है।

14. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में कर्म दग्ध नही होते हैं। इससे आने वाली कठिनाईयाँ दूर नहीं होंगी। लेकिन ध्यान में प्राप्त ज्ञान के कारण कर्म मिट जाते हैं। कठिनाइयों दूर हो जाती हैं।

15. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में आत्म साक्षत्कार नहीं होता। लेकिन ध्यान में आत्म साक्षत्कार प्राप्त करते है।

16. एकाग्रता में अर्थात गैडिंग में निर्वाण प्राप्त नहीं किया जा सकता है। लेकिन ध्यान में बुद्ध की तरह निर्वाण के प्राप्त करते है।

ध्यान करने वालों को भगवान पसंद करते हैं।

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।

आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ।। (भ.गी. 7-16)

तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते।

प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः।। (भ.गी. 7-17)

तात्पर्य :- भरतवंश के सर्वश्रेष्ठ हे अर्जुन! चार प्रकार के लोग मेरी सेवा करते हैं - वे जो संकट में रोते हैं, जो धन की अपेक्षा करने वाले जो भगवान को जानने में रूचि रखते हैं, और जो आत्मज्ञानी हैं।

उनमें से जो सदा आत्मा से झुडे रहने वाले, आत्म के प्रति भक्ति /क्षद्धा/ होने वाला "ज्ञानी" महान है। ऐसे "ज्ञानी को" मै पसंद हूँ। वह भी मुझे बहुत पसंद है।

ऊपर दिये गये श्लोकों के अनुसार चार तरह के भक्त होते है।

1. कष्टों से रक्षा के लिए सविनय प्रार्थना, पूजा, भजन करके याचना करने वाले,

2. इसी तरह धन, संपत्ति प्रदान करने की विनती करने वाले से,

3. जो भगवान को जानने की उत्सुक्ता से शास्त्रों का अध्ययन करने वाले पंडितों से भी,

4. भगवान ने कहा है कि मुझे ज्ञानी पसंद है जो भगवान के आत्मतत्व को जानता है और हमेशा ध्यान के माध्यम से आत्मा के साथ रहता है।

भगवान श्री कृष्ण ने स्पष्ट रूप से कहा है कि मुझे सभी भक्तों से ज्यादा ध्यान करने वाले और आत्मा के बारे में ज्ञान प्राप्त करने वाले ही मुझे पसंद है।

हम जानते हैं कि श्री कृष्ण द्वारा बताए गए पहले दो प्रकार वे हैं जो

मनोकामना से भगवान की पूजा करते हैं। तीसरे प्रकार के वे लोग हैं जो परमेश्वर के दिये गए से अधिक परमेश्वर से प्रेम करते हैं। इसका अर्थ है जो बिना इच्छा के पूजा करते हैं।

लेकिन चौथा प्रकार के वे है जो सच्चे परमेश्वर के बारे मे जानते है। वे उसे जानने और पाने के लिए ध्यान करते है। इस तरह हम चार प्रकार के भक्तों को तीन तरह विभाजित कर सकते है ।

(1) भगवान से इच्छाओं के लिए प्रार्थना करने वाले।, (2) जो भगवान को पसंद करते हैं, (3) भगवान उनको पसंद करते है।

तीन तरह में से, पहले प्रकार के लोगों का प्रतिशत बहुत अधिक होते है। दूसरे प्रकार के लोग थोडा प्रतिशत होतेहै। लेकिन तीसरे प्रकार के लोग बहुत कम होते है। लेकिन तीसरे प्रकार के लोग जो 'श्वास पर ध्यान' करते है, वे बहुत महान और भाग्यशाली भी होते हैं।

इसलिए जान लीजिए कि गैडिंग करने वालों को, इच्छाओं और लाभों के लिए कोशिश करने वालों को भगवान पसंद नहीं करते हैं।

‘श्वास पर ध्यान’ और ‘गैडिंग ध्यान’ में अंतर।

‘श्वास पर ध्यान’ पत्री जी का मार्ग है। लेकिन गैडिंग करना पत्री जी का मार्ग नहीं है।

लेकिन पत्री जी किसी को मना नहीं करते, ना नहीं कहते, गलत नहीं कहते। क्योंकि उन के गुण के अनुसार, उसकी आत्मा की स्थिति के अनुसार, उनका व्यवहार होता है। लेकिन जो वह कहते हैं उसे करने वाले उन्नति करेंगे। जो ऐसा नहीं करते वे उन्हें अस्वीकार नहीं करते, बल्कि उनका उपयोग करते हैं। इसलिए ‘श्वास पर ध्यान’ और ‘गैडिंग’ के बीच अंतर का पता करेंगे।

1. शक्ति आती है।	शक्ति नही आती हैं।
2. विचार खाली हो जाते हैं।	खाली नहीं हो जाते हैं।
3. मन काम नहीं करता।	मन काम करता है।
4. शांति प्राप्त होती है।	शांति नही मिलती है।
5. मन शुद्ध हो जाता है	शुद्ध नहीं होता है।
6. गुणों मे परिवर्तन आता है।	बदलाव नहीं आता है।
7. बुद्धि का विकास होता है।	बुद्धि नही होता है।
8. बुद्धि प्राप्त होती है।	नहीं होती।
9. विवेकाधीन ज्ञान प्राप्त होता है।	नहीं होता।
10. क्या करें और क्या न करें ज्ञात होता है।	पता नहीं।
11. जो काम नहीं करना चाहिए उसे न करते।	करते ही रहते है।
12. कठिनाईयों नहीं आती।	वे आते ही रहते है।
13. मन शून्य हो जाता है।	यहाँ मन शून्य नहीं होता हैं।

14. आतरिक सहायत प्राप्त होता है। उसी के कारण महान कर्म और निःस्वार्थ सेवा की जाती है।	सहायता नहीं पाते। ऐसा नहीं करते।
15. ज्ञान प्राप्त होता है।	प्राप्त नहीं होता।
16. सत्य की शरण लेने वाले होंगे।	वे असत्य का सहारा लेने वाले होंगे।
17. दिव्य चक्षु उत्तेजित होता है।	नहीं होता है।
18. सूक्ष्म शरीर यान की जाती है।	नहीं कर सकते।
19. आत्म शास्त्र को समझते है।	यह नहीं समझ सकता।
20. महावाक्यों को समझते हैं ।	नहीं समझते है।
21.फिर सम्यक वाणी, सम्यक खान-पान, सम्यक स्पर्श, सम्यक चलना, सम्यक विचार, सम्यक जीवन शैली सब मिलाकर आदत होता है।	कुछ भी आदत नहीं होती।

इस प्रकार 'श्वास पर ध्यान' साधना करने पर "Enlightenment" अर्थात 'दिव्य ज्ञान का प्रकाश...' प्राप्त होता है यही 'आध्यात्मिकता' का अर्थ है!

लेकिन गैडिंग में यह संभव नही है और न ही प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए यह जान लेना चाहिए कि गैडिंग ध्यान नहीं है।

गौतम बुद्ध

बुद्ध ने मानवों को दुखों से बाहर आने के लिए अष्टांग मार्ग की शिक्षा दी। उनमें अंतिम 'सही ध्यान' है। अष्टांग मार्ग क्या है?

1. सही व्यवहार ।
2. सही इच्छाएँ।
3. सही वाणी ।
4. सही जीवन विधान।
5. सही व्यवहार शैली।
6. सही श्रद्धा।
7. सही एकाग्रता।
8. सही ध्यान।

मनुष्य को निर्वाण प्राप्त करने के लिए बुद्ध द्वारा ऊपर वणिर्त 7 मार्ग बताए गए हैं। इन 7 मार्गों को हासिल करने के लिए 8 वां मार्ग भी बताया गया है। वह है 'सही ध्यान' याने 'आनापानसति' करने को कहा है।

आनापानसति का अर्थ है 'श्वास पर ध्यान'। वही पत्री जी सबको सीखा रहे हैं। यह जान लें कि बुद्ध ने गैडिंग नहीं कहा। बुद्ध ने कहा है की जागुरूक ध्यान साधक परम सुख को प्राप्त करता है।

शंकराचार्य

शंकराचार्य कहते हैं 'संध्यारंभे शिव शक्ति विज्रूभीथम'।

सहज रूप मैं संध्या प्रयोग दो अवसरों किया जाता है।

1. प्रातःकाल संध्या, 2. सायम संध्या

"सुबह की गोधूलि" का अर्थ है चन्द्रमा के अस्त होने और सूर्य के उदय होने के बीच का समय। साथ ही सायम 'संध्या' का अर्थ है सूर्य के अस्त होने और चंद्रमा के उदय होने के बीच का समय। ऐसे मध्यवतीर् काल को गोधूलि काल कहा जाता है। साथ ही शंकराचार्य ने कहा 'संध्यारम्बे शिव शक्ति विज्स्र्ंभीथम'। इसका अंतरार्थ पता होना चाहिए।

ध्यान करते समय दो विचारों के बीच का समय भी संध्या काल बन जाता है.. उस समय शिव शक्ति अधिक मात्रा होती है। शंकराचार्य ने इस विषय को सिखाया है। अर्थात ध्यान के दौरान, विचारों के बीच के समय में, अर्थात जब विचार नहीं होते, उसी दिव्य ऊर्जा को हम प्राणशक्ति, ब्र्ह्मांडीय ऊर्जा कहते हैं। इसका मतलब है कि ऊर्जा अधिक रहता है।

इसका अर्थ है कि कोई भी विचारहीन ध्यान अवस्था में अनंत ऊर्जा प्राप्त कर सकते है। यही बात पत्री जी हमें बताते हैं। वे कहते हैं कि 'श्वास

पर ध्यान’ रखते हुए धीरे-धीरे विचार घटते हैं। एक अवस्था में सारे विचार समाप्त हो जाते हैं। थोड़ी देर बाद फिर विचार आने लगते हैं। जब विचार रुक कर फिर से शुरू होने की अवस्था को ध्यान अवस्था कहते हैं, विही ‘ध्यान संध्या’ है।

यह एक मिनट हो सकता है। पांच मिनट हो सकते हैं, दस मिनट हो सकते हैं, तीस मिनट हो सकते हैं। यह एक घंटा हो सकता है, यह तीन घंटे हो सकता है। यह सब साधक की लगन पर निर्भर होता है। उस समय में प्राप्त शक्ति मनुष्य को शक्तिशाली बनाती है। आदि शंकराचार्य ने यही कहा था। इसलिए ‘ध्यान संध्या’ का अर्थ है ध्यान की गोधूलि, जिसे केवल ‘श्वास पर ध्यान’ द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।

लेकिन गैडिंग में यह संभव नहीं है। कारण यह है कि गैडिंग में मन काम करता रहता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

सत्य साई बाबा



“MEDITATON IS NOTHING BUT RISING ABOVE THOUGHTS AND DESIRES”

सत्य साई बाबा ने सिखाया है कि, ‘ध्यान आपके विचारों और आपकी इच्छाओं से बढकर है।’

विचार और इच्छाएं मन से संबंधित हैं। इसलिए बाबा ने कहा है कि मन को पार करने पर ही ध्यान होता है। और उस अवस्था तक पहुँचने के लिए जहाँ मन काम नहीं करता, केवल एक ही रास्ता है, ‘सांस पर ध्यान’ जो पत्री जी ने सिखाया है।

देखिए, गैडिंग में मन काम करता रहता है। इसलिए सत्य साई बाबा ने जो कहा उससे हम समझ सकते हैं कि गैडिंग करना ध्यान नहीं है।

एकल चेतना - सामूहिक चेतना।

(Single Concious) (Group Concious)

'एकल चेतना' (Single Concious) क्या है? मैं अलग हूँ... वे, अन्य जीव-जंतुओं को अलग मान कर मतलब देह भाव मे होना। 'ग्रुप कॉन्शियस' यानि सामूहिक चेतना का अर्थ है 'हर कोई एक जैसा है! सब कुछ मैं हूँ! - मैं सब कुछ हूँ!' का अर्थ आत्म भावना में होना।

जो 'एकल चेतना' (Single Concious) में हैं अर्थात जो देह भाव में हैं उसको को शरीर समझता है, वह 'अपना भलाई ही चाहता है। उसके रिश्तेदारों की भलाई के लिए सोचता है अपनी भलाई के लिए कड़ी मेहनत करते है, परिश्रम करते है।

वे स्वार्थी होते है। वह अपने भले के लिए दूसरों को धोखा देता है और अधर्म से कमाते है। वह अपने आनंद के लिए अन्य प्राणियों, पक्षियों और जल जंतुओं को हिंसा करते है, मार डालते है और उनका मांस खाते है।

साथ ही, जो लोग 'सामूहिक चेतना' में हैं, उनमें यह भावना है कि आत्मा ही मैं हूँ। वे निःस्वार्थ भाव से जीते हैं। वे किसी से घृणा, धोका, अपमान, तकलीफ नहीं करते वे किसी भी जानवर, पक्षी को हिंसा नहीं करते, नही मारते, उनका माँस नहीं खाते है।

'एकल चेतना' (Single Concious) से 'सामूहिक चेतना' (Group Concious) अर्थात देह अवस्था से आत्मा अवस्था अर्थात मानव अवस्था से दैवीय अवस्था तक पहुँचने के लिए 'श्वास पर ध्यान' रख कर ध्यान करना चाहिए। तब व्यक्ति सामूहिक चेतना की स्थिति में पहुँच जाता है।

गैडिंग में यह संभव नहीं है। कारण यह है कि वे मन की

अवस्था में ही रूक जाते हैं और आत्मा की अवस्था तक नहीं पहुँच पाते। इसलिए गैडिंग करना ध्यान नहीं है। आपको यह पता होना चाहिए।

भावना महान नहीं है, सत्य महान है।

भाव का अर्थ है मन का भाव। सत्य का अर्थ है दिव्य आत्मा।

अगर आप चाहते हैं तो यह संभव है। यदि आप ‘श्वास पर ध्यान’ के साथ पूरी रात ध्यान की स्थिति में रह सकते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं। इस में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन एक बात जान लेनी चाहिए, सिर्फ बैठकर ध्यान करना ही काफी नहीं है। ध्यान आत्मज्ञान के लिए है। मानव जीवन का लक्ष्य पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना है।

समझें कि गुडाकेश होने पर भी अर्जुन युद्ध शुरू होने से पहले श्री कृष्ण के पास झुक गया और विलाप करने लगा कि वह युद्ध नहीं करेगा। श्री कृष्ण ने गीता के माध्यम से ज्ञान सिखाया और युद्ध के लिए तैयार किया। इससे यह देखा जा सकता है कि ज्ञानी गुडाकेश से महान हैं।

और ज्ञान प्राप्त करने के लिए? ध्यान के साथ हल्के शाकाहारी भोजन का सख्ती से पालन करना चाहिए। साथ ही आत्म ज्ञान से संबंधित पुस्तकें पढ़नी चाहिए और आत्म ज्ञान सिखाने वाले तथा आत्म सेवा करने वालों की संगति भी करनी चाहिए। यह सब पत्री जी ने कहा है! इसलिए इन सभी को मनुष्य को उपलब्ध समय में आवंटित किया जाना चाहिए। जब ये सब बराबर में किया जाता है, तो धीरे-धीरे ज्ञान आता है, और व्यक्ति अज्ञान से बाहर निकलता है और आत्म-ज्ञानी बन जाता है। तभी वे पूर्ण बन सकते हैं और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। देखिए भले ही अर्जुन गुडाकेशु हो, वह ज्ञानी नहीं थे। इसलिए उन्हें भगवान कृष्ण से आत्मज्ञान प्राप्त किया।

इतना ही नहीं, श्री कृष्ण से इतना आत्म ज्ञान सुनने पर भी, जब अभिमन्यु की मृत्यु हुई, तो गुडाकेश होने पर भी अर्जुन फूट-फूट कर रोया। वह दुख सहन नहीं कर सका। श्री कृष्ण पर आरोप किया।

इसका अर्थ है कि अर्जुन, जो गुडाकेश था, शोक से बाहर नहीं निकला। कुछ महीनों तक गुड़ाकेश साधना करने से दुःख से कैसे दूर हो सकते है? इसलिए गुडाकेश की कोई रास्ता नहीं है। गुडाकेश का ध्यान करने वालों के

दुःख कैसे दूर होंगे? नहीं होंगे। तो जानिए, गुडाकेश जैसा होना कोई बड़ी बात नहीं है। आत्म-ज्ञानी बनना ही महान है।

इतना ही नहीं, गुडाकेश अर्जुन को मानव कहा जाता है, बल्कि ब्र्म्हज्ञानी श्री कृष्ण को नारायण कहा जाता है। सोचो नारायण, नर से बहुत महान है। तो गुडाकेश बनने की कोशिश मत करो। नारायण बनने का प्रयास करना चाहिए।

श्री कृष्ण ने गुडाकेश अर्जुन को योगी बनने के लिए भी स्पष्ट रूप से कहा। इसका कारण यह है कि योगी गुडाकेश से महान है।

इसके अनुसार, इसका अर्थ है कि अर्जुन गुडाकेश होते हुए भी महान नहीं था। इसलिए हर एक मनुष्य को गुड़केश नहीं बनना। आत्मज्ञानी बनना है। जान लो कि तुम्हारे सारे कर्म ज्ञान की अग्नि में दग्ध हो जाएंगे। इसके अलावा, गुडाकेश की तरह कोई कितना भी ध्यान करे, वह कर्म से छुटकारा नहीं पा सकता, वह कठिनाइयों से बाहर नहीं निकल सकता। गुडाकेश होने पर भी वह सत्य लोक तक नहीं पहुंच सकता और मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकता। पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके ही कोई बुध्द, जीसस और पत्री जी जैसा संत बन सकते है और सत्य लोक में पहुंच सकते है। इसलिए जानो कि अगर कोई गुड़केश है तो वह महान नहीं है, वह तभी महान है जब वह आत्म-ज्ञारी बनता हैं।

देखिए, बैंगलोर में नायडू नाम के एक मास्टर हैं, जो 15 साल से रात को बिस्तर पर नहीं सोते, बल्कि कुर्सी पर बैठकर ध्यान करते हैं। लेकिन वे ज्ञान का अध्यापन नहीं कर सकते।

संसार के सभी मनुष्यों को अज्ञान से निकलकर ज्ञानी बनना चाहिए! क्योंकि दुःखों से पूरी तरह छुटकारा पाने का और कोई उपाय नहीं है। इसलिए पत्री जी ने एक अवसर पर कहा था, ‘अगर आप में थोडा सा दुख भी है, आप अज्ञानता में हैं।’ तो जान लें कि कुछ भी ज्यादा नही, मध्यम मार्ग ही सबसे उन्नत मार्ग है।

अनुबंध
ब्रह्मर्षि पत्री जी की पुस्तकें



1. आनापानसति - 84

2. आत्म शास्त्र - 97

3. अप्पो दीपो भव - 99

4. श्वास विज्ञान ज्योति - 105

पत्री जी ने सत्य लिखा है। लेकिन जब बोलते हैं तो संदर्भ के अनुसार, वहाँ उपस्थित लोगों के अनुसार, हालात के अनुसार बोलते हैं।

वे जो कहते हैं, वह श्रोता के ज्ञान और गुण के अनुसार समझा जाता है। इसलिए, जो सुन रहेहैं उनके अनुसार वे कहते रहते हैं।

श्रोताओं ने कुछ वर्षों तक उनकी कही हुई बातों का अभ्यास करते धीरे-धीरे बढ़ते हैं। बुद्धि और ज्ञान में वृद्धि करते है। पत्रीजी ने जो कहा, जो किताबों में लिखा ज्ञान बढ़ने पर ही समझ पायेंगे।

क्यों कि? उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों में केवल सत्य का प्रबोध होता हैं। वे सत्य ही लिखते हैं। इसलिए उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकों का सार सत्य है। जिस को बुद्धि और ज्ञान है वही समझ सकता है, पालन कर सकता हैं, अभ्यास कर सकता है, परिणाम प्राप्त कर सकता है। जीवन का धन्य बनाते है।

‘आनापानसति’

- ब्रम्मर्षि पत्री जी

आज हम ध्यान के बारे में जानेंगे। चाहे वह बुद्ध के प्रबोध में से हो, चाहे वह थियोसोफिकल सोसाइटी हो, चाहे वह योगानंद परमहंस प्रबोध में हो, योगदा सत्संग सोसाइटी हो, रामचंद्र मिशन हो, ध्यान ही असली विषय है।

लेकिन बुद्ध के अष्टांग मार्ग के आठ बिंदुओं में ’सम्यक ध्यान’ सबसे महत्वपूर्ण है। बुद्ध द्वारा सिखाए गए ‘सही ध्यान’ का अंतिम बिंदु... पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज के 18 आदर्श सूत्रों का पहला बिंदु है। “सही ध्यान करना, सही ध्यार करवाना”

‘विचार रहित’

आइए जानें कि ‘ध्यान’ क्या है! याद रखो। ‘ध्यान’ का अर्थ अंग्रेजी में ‘मेडिटेशन’ है। ‘ध्यान’ का अर्थ है मन को परिशून्य करना। ‘मस्तिष्क’ विचारों का ढेर है, वे एक दरवाजावाला डिब्बा है और उस डब्बे को खाली करो। विचारों का वह ढेर ‘विचार मुक्त’ होना चाहिए। इसका नाम ध्यान है।

महर्षि पतंजलि ने इसकी सही परिभाषा दी है। वह जो परिभाषित करते हैं वह है, ‘योगः चित्तवृत्ति निरोधः’। ‘योग’ का अर्थ है ‘ध्यान’। अर्थात यह मानसिक विकारों को रोकने के लिए है। इसका अर्थ है हमारे विचारों को परिशून्य करना ही ‘योग’ होता है।

‘योगि बनो’ भगवान कृष्ण ने कहा,

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोधिकः ।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ।। (भ.गी. 6-46)

हे अर्जुन। योगी बनो। तब कृष्ण अर्जुन से कह रहे हैं कि तुम वृत्तियों की गति विधियों को रोखो। “अर्जुन! योगि बनो” फिर उन्होंने कहा, ‘आप अपने इरादों पर लगाम लगाएं’ कृष्ण अर्जुन से कहते हैं। यदि कोई पंखा चौबीस घंटे चलता है, तो वह पंखा जल जाएगा। इसे केवल तभी चालू करना चाहिए जब जरूरत हो। जब जरूरत न हो तो इसे बंद कर देना चाहिए। लैट्स

भी केवल जरूरत पड़ने पर चालू करते हैं और जब हमें उसकी आवश्यकता नहीं होती है तो लैट्स बंद करनी चाहिए।

साथ ही, चौबीस घंटे बात करने पर यह शरीर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो जाएगा। जरूरत पड़ने पर ही बोलें, नहीं तो मुंह बंद कर लो। चौबीस घंटे देखते रहोगे तो आंखें खराब हो जाएंगी। इसलिए हम रात में अपनी आंखें बंद कर लेते हैं। शरीर को चौबीस घंटे पूरे देश में घूमा ते हैं। तो इस शरीर का फ्यूज खराब हो जाता है, इसलिए हम थोड़ी देर के लिए लेटे रहते हैं! आइए शरीर को 'आराम' दें।

इसी तरह, यदि मस्तिष्क चौबीस घंटे उसके बारे में.. इसके बारे में... सोचता रहता है तो यह टूठ जाएगा। अभी अभी एक बल्ब टूठ गया। (घटना जो पहले रिकॉर्डिंग थिएटर में हुई थी) ऐसे ही हमारा मन फट जाएगा तब हम कहते है उनको मृत्यु आगई। उनका मन क्यों फट जाता है? फ्यूज क्यों उड़ना चाहिए? यदि फ़्यूज़ उड़ जाता है, तो हम दूसरा नया बल्ब लगा देते हैं, और पुराना बल्ब व्यर्थ हो जाता है। यहाँ माइंड फट गया का अर्थ है 'वह मर चुका है!' वह ऊपर चला जाता है! यह शरीर सिर्फ एक लाश है!

'मन को आराम देना'

लेकिन वास्तव में हम इस शरीर को कुछ मिलियन वर्षों तक सुरक्षित रख सकते हैं यदि हम इसे सही भोजन दें, यदि हम इसे सही सुरक्षा दें, मन को सही आराम देना।

मन को विश्राम देना ही ध्यान है। यह अनिवार्य है! शरीर को जितनी नींद की जरूरत होती है, उतना ही मन के लिए ध्यान अनिवार्य है! उतना ही अनिवार्य! आराम जरूरी है। इन चित्त वृत्तियों को रोकना होगा।। निर्विचार होना एक बुनियादी आवश्यकता है।

'ध्यान मुद्रा!'

हम कैसे ध्यान करते हैं? क्या हम चलते करेंगे ? नहीं। इसके लिये हमें क्या करना है? बैठो, आराम से बैठो! सुखासन में आराम से बैठ जाएँ! दोनों पैरों को 'क्रॉस' किया जाना चाहिए। दोनों हाथों उंगलियाँ बंधे होने चाहिए और

दोनों आंखें बंद होनी चाहिए। फिर आराम से ध्यान शुरू करें। यह इस प्रकार बैठना ही ध्यान मुद्रा है नीचे धरती पर बैठ सकते हैं या कुर्सी पर बैठ सकते हैं। जरूरत हो तो कोई सहारा लें, दीवार का सहारा लें - सब मिलाकर आराम से बैठ जाएं।

आइए जानें 'ध्यानमुद्रा' के बारे में। कुर्सी पर बैठते समय दोनों पैरों को क्रॉस करके रखना चाहिए। कोई भी पैर किसी भी पैर पर रखा जा सकता है! 'दाएं' और 'बाएं', दोनों समान हैं! दोनों हाथों को आपस में उंगलीया से जोड़ा जाना चाहिए। ध्यान मुद्रा का सबसे अच्छा हिस्सा है। इसलिए सभी उंगलियां दूसरे हाथ के सभी उँगलियों में जानी चाहिए।

'स्थिर सुख-आसन'

कुछ लोग पूछते हैं, 'क्या मुझे ध्यान करते समय सीधे बैठना चाहिए?' सीधे बैठने पर रीढ़ की हड्डी में तेज दर्द होता हैं तो ऐसा कुछ भी नहीं चाहिए। आरामदायक आसन में बैठ जाएं। उन्होंने कहा, 'स्थिर सुखासनम'। पतंजलि ने अपने ध्यानशास्त्र, योगशास्त्र, योग सूत्र में, 'स्थिर सुख आसनम' कहा जिसका अर्थ है जो भी आसन आपको स्थिरता और आराम देता है, आपको वह आसन करना चाहिए। तो जो लोग इस तरह नहीं बैठ सकते, जो अपने पैरों को क्रॉस करके नहीं बैठ सकते, वे आराम से कुर्सी पर बैठ सकते हैं। आराम से बैठने के बाद श्वास पर ध्यान दें।

'गलत ध्यान तरीके'

ध्यान मुद्रा लेने के बाद ध्याननिष्ठा में आने के लिए सांस की धारा का अवलोकन करना चाहिए। यही विधि है - यही ध्यान की सही विधि है।

गलत तरीके कैसे होते हैं? एक उंगली से एक नथुने को बंद करना, दूसरे से हवा देना। ऐसा बार-बार करते हुए, 'सोहम', 'सोहम', 'ॐ' कहना - ये गलत साधनाएँ हैं।

कोई भी मंत्र जपना - यह सब भी गलत है! गलत!! गलत!! आवाज नहीं आनी चाहिए। मुख से कोई मंत्र न निकले। मौन रखना! कोई आवाज मत करो। फिर कोई 'अपनी सांस रोककर' न करें। ये सब प्रकृति के विरुद्ध कार्य

हैं! तो, कोई मंत्र नहीं है!

साथ ही मन में राघवेंद्रस्वामी की मूर्ति कल्पना करें! अथवा किसी अन्य देवता का रूप कल्पना करें! ये सब बिलकुल गलत विधियाँ हैं।

यदि आपके पास सही पता नहीं है, तो आप शहर में इधर-उधर भटकते रहेंगे और अपने गम्य तक नहीं पहुंच पाएंगे। साथ ही, यदि आप गलत ध्यान विधियों का अभ्यास करते हैं, तो आपका पूरा जीवन बर्बाद हो जाएगा, और आप कभी भी अपने जीवन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाएंगे। सही पते से आप मंजिल तक पहुंच जाएंगे। सही ध्यान अभ्यास से आप अपनी आध्यात्मिक मंजिल तक पहुँच जाएंगे।

'आनापानसति - श्वास पर ध्यान'।

इसलिए, गौतम बुद्ध ने ध्यान की सही विधि को 'आनापानसति' के रूप में पाया। केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि हर योगी ने इसे पाया है! वेमना ने इसे पाया है! ईसा मसीह ने इसे पाया है! लाखों लोगों ने इसे पाया है। लेकिन समय के क्रम में शिष्यों ने इसे भ्रष्ट कर दिया है! इसलिए आज इतने सारे मत हो गए हैं। इतने तरीके हो गए हैं। सब कुछ नष्ट हो गया है।

तो, पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट ने सही ध्यान पद्धति को फिर से खोजा। सबके लिए भूमिगत छिपा हुआ मणि बाहर लाया, सभी के लिए प्रस्तुत किया।

ध्यान की सही विधि केवल 'आनापानसति' है।

एक आरामदायक ध्यान मुद्रा का अर्थ है दोनों आंखें बंद करना, कोई मंत्र नहीं, मन में किसी वांछित देवता को स्थापित किए बिना मन को परिशून्य करना और 'श्वास पर ध्यान' रखना।।

गौतम बुद्ध ने कहा 'श्वास पर ध्यान' 'आनापानसति' है।

'आन' का अर्थ है 'आती हुई सांस'।

'अपान' का अर्थ है 'जाती हुई सांस'।

'सति' का अर्थ है 'रहना'।

इसका अर्थ है 'हमारी सांसों के साथ रहना'।

इसे ‘स्वसन संधानम’ कहा जाता है। ‘सांस के साथ होना।’

कुम्बक रहित, पूरक रेचकात्मक, सुखमय प्राणायाम सुखमय आसन में बैठना चाहिए, दोनों आंखें बंद होनी चाहिए। बिना किसी और विचार के... मन में - ऑफिस जाने के, ऑफिस से आने के, पैसे कमाने के सारे विचार एक तरफ छोड़ देने चाहिए। विचार ‘स्विच ऑफ’ होने चाहिए। ‘मुझे अब उनकी आवश्यकता नहीं है। मैं व्यापार के बारे में सोचने के लिए अभी दुकान में मै नहीं हूँ, मैं व्यवसाय के बारे में सोचने के लिए खेत में नहीं हूँ, मैं अपनी पत्नी के बारे में सोचने के लिए पत्नी के करीब नहीं हूँ, और मैं ट्रैफिक पास करने के लिए सड़क पर नहीं हूँ’ - ऐसा हमें खुद को सुधारना होगा!

‘मैं अब ध्यान कर रहा हूँ। इस समय मुझे कुछ काम नहीं है। ध्यान ही मेरा काम है। यहाँ कोई विचार नही। चित्त वृत्ति का निरोध। सभी विचारों को रोकें, दोनों आंखें बंद करें और अपनी उंगलियों को मिलाकर सुखासन और ध्यानमुद्रा में आराम से बैठें, और ध्याननिष्ठा के लिए श्वास पर ध्यान रख कर लें। ध्यान का अर्थ है मन का संयम, दोनों आंखें बंद करके आराम से बैठना, जितना हो सके श्वास पर ध्यान करें। दस मिनट से बीस मिनट, आधा घंटा, एक घंटा, तीन घंटा, जितनी देर हो सके श्वास पर ध्यान रख कर करो। साधना करें।

‘समय ही साधना है।’

खासकर आपकी उम्र चाहे कितनी भी हो, आपको पूरे समय बैठना चाहिए। याने दस साल के बच्चे दस मिनट, तीस साल वाले तीस मिनट, पचास साल वाले पचास मिनट और सत्तर साल वाले सत्तर मिनट ध्यान करें।

चावल पकाने के लिए, आपको चूल्हे पर पर्याप्त समय देना होता हैं ना? ‘ऐसे डालोगे और ऐसे निकालोगे तो कैसे पकेगा’? ’ऐसे बैठो और अपनी आंखें खोलते हैं तो क्या ध्यान हुआ?’ इसलिए जिसकी उम्र कितना हो उतने मिनट बिलकुल अपनी आँखें बंद करो और बैठो।’

अगर सामूहिक ध्यान के दौरान उनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हो तो 15-20 मिनट का ध्यान काफी है। यदि बड़ी संख्या में बुजुर्ग हैं, तो चालीस मिनट या

आधे घंटा में किया जा सकता है। जब हम अकेले होते हैं तो अपनी उम्र के अनुसार उतने मिनिट बैठना है। यदि आप इस तरह मजबूती से बैठ भी जाएं तो भी मन शांत और परिपक्व स्थिति में आएगा।

तो इसके सिद्धांत को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। ध्यान के लिए कितना समय देना है? उतना समय निश्चित रूप से ध्यान के लिए समर्पित होना चाहिए।

'कमरे में अंधेरा करो।'

अब हम ध्यान करने के स्थान के बारे में पता करेंगे। कमरे में जितना संभव हो उतना अंधेरा करना चाहिए। लैटस 'बंद' करनी चाहिए और सभी पर्दे बंद करनी चाहिए। इसलिए प्राचीन काल में ऋषि-मुनि गुफाओं में चले जाते थे, क्योंकि वहाँ अंधेरा होता है।

अब सावधान से ध्यान में बैठिये। अभी बैठने से कोई फायदा नहीं जबकि दो घड़ी या दो मिनट में कहीं जाना है। यदि हम यात्रा पर जा रहे हैं, सोचिए आपको हैदराबाद से वरंगल जाना है। तीन घंटे की यात्रा है। हम क्या करेंगे इस समय? यात्रा जारी है। हमें आराम से बैठ जाना चाहिए और दोनों आंखों को बंद करके आंखों को आराम देना चाहिए और 'श्वास पर ध्यान' साधना करना चाहिए। जब हम वरंगल पहुँचेंगे तो हमें बहुत ऊर्जा मिलेगी। इसलिए इस यात्रा के समय का उपयोग किया जा सकता है। ट्रेन में जाते समय प्लेन में यात्रा करते समय, कार में यात्रा करते समय, बस में यात्रा करते समय, ध्यान के लिए उस समय का कितना अच्छा उपयोग किया जा सकता है, इसका उल्लेख नहीं है।

तो मेरे प्यारे दोस्तों, अपनी उम्र के अनुसार एक निश्चित समय के लिए ध्यान करना चाहिए, कमरे में अंधेरा कर देना चाहिए, कोई मंत्र नहीं बोलना चाहिए, ये सभी भी ध्यान मुद्रा से संबंधित हैं।

सामूहिक ध्यान के दौरान एक व्यक्ति को एक व्यक्ति को छूते हुए नहीं बैठना चाहिए। बसों और ट्रेनों में यात्रा करते समय, ऐसे दूर दूर बैठना हालांकि, यह मुमकिन नही है। क्योंकि यह एक असंभव स्थिति है।

फिर कुछ लोग कहते हैं, 'चलो ऐसे ही ध्यान में बैठते हैं। पैरों में बहुत दर्द हो रहा है! पीठ में दर्द हो रहा है! तब शरीर को थोड़ा सा इधर-उधर करना है और उसे सीधा करके बैठ जाना है।' एक बार पैर तानकर बैठ जाओ। बाहर निकलने पर दर्द कम हो जाता है। आपको ध्यान में वापस जाना चाहिए। ऐसा कोई नियम नहीं है कि आपको बिना हिले-डुले बैठना पड़े। लेकिन ध्यान के बीच में आंखें नहीं खोलनी चाहिए, हाथ नहीं खोलने चाहिए। शरीर, पैर ठीक करें और ध्यान में वापस जायिए।

ये सभी 'ध्यानमुद्रा' हैं जिसका अर्थ है आरामदायक मुद्रा। आप एक घंटे तक इस मुद्रा में आराम से और स्थिर रूप से बैठना चाहिए। 'स्थिर सुखासन' का अर्थ है वह आसन जो स्थिर और आरामदायक हो। इसलिए आसन ग्रहण करें और ध्यान करना शुरू करें। कठिन पद्मासन को डालने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप उस पैर को इधर पैर को उधर रखते हो और अपनी रीढ़ को सीधा करके बैठ जाते हैं, यह निश्चित रूप से ध्यान नहीं है। आपको किसी पद्मासन की आवश्यकता नहीं है। आराम से बैठो और दोनों आँखें बंद करो.. श्वास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

'तरह तरह के विचार'

अब हम इस बात पर आते हैं कि इस ध्यान में क्या होता है - वास्तव में ध्यान की इस प्रक्रिया में क्या होता है। ध्यान में आराम से बैठो, दोनों आंखें बंद करो, मन में कोई मंत्र नहीं, कोई रूप नहीं, सिर्फ श्वास पर ध्यान। श्वास की कोई जकड़ान नहीं है, केवल स्वाभाविक श्वास, उस पर ध्यान। मन का चिंतन चलता रहता है। घर के पास जाता है, लेकिन अब घर पर ध्यान नहीं श्वास पर ध्यान! मन पत्नी के पास जाता है। लेकिन अब हमे पत्नी पर ध्यान नहीं करना सांस पर ध्यान रखना चाहिए।

बच्चे स्कूल गए। क्या होगा - हम क्या करेंगे? आएंगे तो आएंगे। अगर नहीं तो क्या हम यहाँ बैठकर क्या कर सकते हैं? तो 'बच्चों पर ध्यान नहीं। श्वास पर ध्यान'। कल क्या होगा? 'ऋण कैसे चुकाएं?' 'लाख रूपये का कर्ज है', क्या करेंगे हम...? अगर हम यह छुका सकते, तो हम इसे छुका देंगे। अब

हम क्या कर सकते हैं? हम ध्यान में बैठे हैं.. अब एक लाख रुपये का कर्ज कैसे? इसलिए भविष्य के बारे में न सोचो। अतीत के बारे में सोचने से क्या फायदा । कल उसने मुझे गाली दिया। उसने मुझे मारा था । सड़क पर अपमान किया । अब आपका इन विचारों से क्या लाभ। यदि तुम कुछ कर सकते तो तुम्हें उस को चार लात मारनी चाहिए। अतीत के बारे में, जो आने वाला है उसके बारे में, इस तरह से विचार आरहे हैं। वे विशेष रूप से आ रहे है। जब वे अपनी आंखें बंद करते हैं।

‘कट!’.. ‘कट!’...... ‘कट!’

उन सबको ‘कट’! ‘कट’! ‘कट!’... करते-करते ‘श्वास पर ध्यान’। घर का विचार आया। ओह! नहीं आना चाहिए। श्वास पर ध्यान। ‘पत्नी’ का विचार आया। दफतर में ‘ऑफिसर’ का विचार आया। ओह! नहीं आना चाहिए। कोई विचार नहीं!!!..... विचार काट देना चाहिए। यह ‘सोचने’ का समय नहीं। अंदर होने का समय ’निर्विचार-अवस्था’ ध्यान का समय है। तो, बस केवल सांस पर ध्यान।

अगर आप ऐसे बैठे हैं तो कल्पना कीजिए कि पहले मिनट में आपके मन में ‘सौ’ विचार आएंगे। धीरे-धीरे ‘अस्सी’ विचार प्रति मिनट से ‘साठ’ विचार प्रति मिनट फिर ‘बीस’ विचार प्रति मिनट से ‘पांच’ विचार प्रति मिनट से ‘दो विचार’। इस प्रकार उनकी तीव्रता कम हो जाती है। अंत में एक स्थिति आएगी। कोई विचार नहीं! चूंकि ‘कोई विचार नहीं है। मन खाली हो गया है।’ मन मे चित्ति वृत्ति निरोध हुआ है। हम उस प्रतिबंधित स्थिति में हैं। इसका नाम है ध्यान की अवस्था।

‘ध्यान अवस्था’

इस ध्यान अवस्था तक पहुँचने के लिए ‘स्वानुसन्धान’, ध्यान मुद्रा लेने के बाद, यदि कोई इस ‘आनापानसति श्वास पर ध्यान’ के माध्यम से अच्छा समय देते हैं, तो पाँच मिनट, दस मिनट या बीस मिनट अपनी उम्र के आधार पर बैठे - तो मन शांत हो जाता है। मन खाली हो जाता है। चित्त वृत्ति निरोध होता है। हम तब ध्यान में होते हैं - वही ‘ध्यान स्थिति’ है।

‘मन की एकता’

आराम से बैठो। बीच में विचार आते हैं। यह स्वाभाविक है। क्रिकेट सीखते समय, शुरू में गेंदबाजी करते समय, गेंद विकेट के ऊपर नहीं जाती है। गेंदबाजी करते करते गेंद विकेट के ऊपर से चली जाती है। ध्यान करते करते मन एकाग्र होता है। मन एकात्रित हो जाता है। एक हो जाता है। मन खाली हो जाता है।

‘माई डिअर फ्रेंड्स’ ‘माई डिअर मास्टर्स’ ‘एंड माई डिअर गॉडस’! जब मन खाली हो जाता है । तब अपार प्राण शक्ति हमारे भीतर प्रवाहित होता है। यह मूलभूत बिंदु है, जानने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है। जब मन खाली हो जाता है, तब एक अद्भुत और अपार ‘वर्षा’, एक ‘प्राण वर्षा’, एक ‘शक्ति वर्षा’, एक ‘ऊर्जा वर्षा’ शरीर में प्रवेश करती है। जब यह होती है, उस ध्यान से जागने के बाद, कहते हैं, ‘कितना अच्छा है। कितना शक्तिशाली है! कितना विश्रांति आया है। अब आत्मा कितनी शांत है!’ ऐसा कहकर फिर उसके बाद सब कुछ स्वर्ग जैसा लगेगा। जीवन में क्या करना है यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

तो मेरे प्यारे दोस्तों! ध्यान में बैठो और याद करो - तीन अंक : एक है ‘आनापानसति’ जिसका अर्थ है ‘श्वास पर ध्यान’। दूसरा है ‘चित्त वृत्ति निरोधः’ मन का खाली होना। तीसरा है शरीर में उस ऊर्जा का प्रवेश, उस ब्र्ह्मांडीय ऊर्जा के विशाल प्रवाह तक पहुंचना।

‘हनुमान चालीसा!’

जिस किसी के पास भी तीसरी आंख है वह ऊर्जा के उस प्रवाह को स्पष्ट रूप से देख सकता है।

यह उस व्यक्ति के लिए स्पष्ट है जो ध्यान की अवस्था में अच्छी तरह से उन्नत हो चुका है और ’ऋषि’ की अवस्था को प्राप्त कर चुका है। आराम से बैठो। यदि कोई चालीस दिनों तक ध्यान करता है, तो हर एक व्यक्ति को उस योग की अवस्था में अवश्य पहुँचेगा। इसका अर्थ है कि वह ‘चित्त वृत्ति निरोध’ की अवस्था में चला जाएगा। कोई भी हो, कोई भी पापी क्यों न हो - चालीस

दिन का ध्यान अभ्यास - इस चालीस दिन के ध्यान अभ्यास को 'हनुमान चालीसा' कहा जाता है। कहा जाता है 'हनुमान' का अर्थ है 'पवन पुत्र!' इसका मतलब है कि हमें सांस के पुत्र होने की जरूरत है। 'चालीस' का अर्थ है 'चालीस दिन'। तो, वह वायुपुत्र है। इस ध्यान का अभ्यासी बनने के लिए, यह योगी अवस्था की ओर ले जाता है। योगः चित्त वृत्ति निराधः तब अपार ब्र्म्मांडीय ऊर्जा हमारे अंदर प्रवाहित हो रही है..

'ध्यान की शक्ति!'

ध्यान अवस्था में ध्यान की शक्ति उपलब्ध होती है। आत्म शक्ति ध्यान अवस्था में उपलब्ध है। क्या होता है जब यह उपलब्ध हो जाती है? हमारे भीतर के सारे सिध्द प्रकट हो जाएँगे... प्रकट हो जाएँगे.... प्रकट हो जाएँगे.... हमारा तीसरा नेत्र खुल जाएगा। दिव्य चक्षु खुलता है। तीसरा नेत्र, जो लेटे-लेटे सोया हुआ है, धीरे-धीरे जागता है और उठ खड़ा होता है, जैसे कोई सर्प अपना बिछौना खोल देता है। वह ऊर्जा, शरीर ऊर्जा, जो साढ़े तीन गेरे में लिपटी है, उठती है और बिछाना खोलकर और खेलती है। इस प्रकार अपार शारीरिक शक्ति प्राप्त होती है। इस के फल से हम कितनी भी काम कर सकते हैं! हम इसे चौबीसों घंटे कर सकते हैं, निरंतर से।

'तीन सीड़ी हैं। तीन सिद्धांत हैं।' ध्यान में पहला सिद्धांत कहता है कि 'मन पर नियंत्रण' 'श्वास पर ध्यान' द्वारा किया जाता है। दूसरा सिद्धांत कहता है कि 'विश्वशक्ति का आवाहन' 'चित्तवृत्ति निरोध' के माध्यम से किया जाता है। तीसरा सिद्धांत कहता है कि 'विश्वशक्ति के आवाहन' के माध्यम से हमारे भीतर सभी शक्तियाँ और सिध्द प्रफूलित होते हैं। ये ध्यान के तीन सिद्धांत हैं। "माई डिअर फ्रेंड्स" "माई डिअर मास्टर्स" "एंड माई डिअर गॉडस"! आज हमने इसी साधना के महत्व के बारे में जाना.. एक बात और जान लीजिए। वह क्या बात है?

'ध्यान' 'पूजा' नहीं है! आरती जलाना, घंटी बजाना, मूर्ति पर फूल बिखेरना - यह सब ध्यान नहीं है।

'ध्यान' का अर्थ 'पूजा' नहीं है, 'ध्यान' का अर्थ 'स्तोत्र' नहीं है,

‘भगवान! हे दशरथ के पुत्र! हे सीतापति! हे रावण संहारक! ओ लोक कल्याणकारी’ ध्यान क्या है? ‘नामस्मरण’ नहीं, ‘राम राम..’... यह ध्यान नहीं है। ध्यान कोई व्रत नहीं है। ’ध्यान’ ‘जप’ नहीं है। यह ‘ओम भूर्भुवः तत सवितुर...’ का गायत्री मंत्र नहीं है।

‘ला यिला इल्लल्लाही मुहम्मदुल रसूलुल्लाह...’ कहकर नमाज पढ़ना ध्यान नहीं है। ‘ध्यान’ का अर्थ है एक घंटे, दो घंटे, तीन घंटे, दस घंटे, अन्यथा 5 मिनट, 10 मिनट, दोनों आंखें बंद करके, ध्यान की एक अच्छी मुद्रा में बैठना, मन में बिना किसी विचार के शांति की स्थिति प्राप्त करना अपार ब्र्म्मांडीय ऊर्जा, इसे ‘ध्यान’ कहा जाता है।

बुद्ध ने - ‘पूजा नहीं, व्रत नहीं’, ‘भजन’ नहीं ’स्तोत्र’ नहीं किया ‘नामस्मरण’ नहीं, ‘मंत्र’ नहीं - ध्यान ही आध्यात्मिक ज्ञान, आत्म अनुभव और जीवन विज्ञान को जानने का तरीका है।

ध्यान के माध्यम से हम अध्यात्मिकता को जानते हैं। जहाँ साधना नहीं वहाँ अध्यात्मिकता नहीं जाना जा सकता, थोड़ा भी नहीं जाना जा सकता। लेकिन, जहाँ ध्यान विशेष रूप से निरंतर होता है, वहाँ आध्यात्मिक विज्ञान का हम मेरू पहाड़ जितना लाभ उठा सकते हैं।

पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज नामक यह आंदोलन पूरी तरह से ध्यान के लिए समर्पित एक आंदोलन है। यहाँ हर किसी को घंटों भर दोनों आंखें बंद करनी पड़ती हैं! वह गरीब, अमीर, महिला, पुरुष, बच्चा, बूढ़ा, हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, नक्सली, कम्युनिस्ट, नास्तिक, आस्तिक, ‘हैदराबाद’ वाला, ‘मुंबई’ वाला, ‘तमिल वाले, सफेद, काला’ कुछ भी हो। यह सब व्यर्थ बातें हैं, यह सब मूर्खता है। तो, मेरे प्यारे दोस्तों, कोई बीमार रोगी हो, वृद्ध लेटकर कर सकते है। लेकिन जो बैठ सकते है उन्हें बैठना चाहिए।

कुछ महिलाएं पूछती हैं, ‘क्या हम ’माहवारी’, मासिक धर्म के दौरान ध्यान कर सकते हैं? ध्यान हर समय किया जाना चाहिए। तो, मेरे प्यारे दोस्तों, ध्यान कोई भजन नहीं है, ध्यान पूजा नहीं है! पूजा ही पूजा है, स्तोत्र ही स्तोत्र है, नामस्मरणम् ही नामस्मरण है, जप ही जप है, ध्यान ही ध्यान है! चित्त वृत्ति

निरोध ही ध्यान है। श्वास पर ध्यान करना 'आनापानसति' ध्यान की सही विधि है!

ध्यान वह है जो लोगों को शांति देता है! मन की शांति देता है! यह शरीर के लिए फायदेमंद है! स्फूर्तिदायक! जीवन को संतुलित करता है! यह हमारे भीतर की सारी 'अतिरिक्त' को हटाकर एक सूक्ष्म 'सीमा' बनाता है और जीवन को संतुलित करता है..! स्वर्णमय बनता है! आज हमने ध्यान की इसी विधि के बारे में जाना। इसका अभ्यास प्रतिदिन करना चाहिए।

अभ्यास मनुष्य को पूर्ण बनाता है, ध्यान का अभ्यास मनुष्य को पूर्ण बनाता है। एक आदमी को परिपक्व बनाता है - मेरे प्यारे दोस्तों, मास्टर्स और देवता, मनुष्य को परिपक्व बनाओ।

- ब्रम्मर्षि पत्री जी।

इस पुस्तक में पत्री जी ने कहा है कि, इस पर ध्यान दें! पत्री जी ने कहीं भी 'वाणी का ध्यान' रखने के लिए नहीं कहा है। कुछ भी कहा जाए, किसी भी बात पर ध्यान नहीं होता। कहा जाता है कि 'श्वास पर ध्यान' एक ही है। गैडिंग का कहीं उल्लेख नहीं है। तो जान लें कि 'गैडिंग' ध्यान नहीं है।

इसके अलावा, पत्री जी जहाँ भी ध्यान करते हैं, संगीत के साथ ध्यान लगाते हैं। लेकिन उनके आनापानसति ग्रन्थ में कहीं भी संगीत लगाने के लिए नहीं लिखा है।

इसलिए आपको पता होना चाहिए कि ध्यान करते समय संगीत जरूरी नहीं है। और यह जानना चाहिए कि संगीत के साथ साधना करवाने का एक और कारण है। स्वाभाविक रूप से नए लोग घंटों-घंटों ध्यान में नहीं बैठ सकते, अपने विचारों को नियंत्रित नहीं कर सकते । इसलिए नए-नए लोगों को घंटों-घंटों आसानी से ध्यान में बिठाने के लिए, उन्हें ध्यान की आदत डालने के लिए ही संगीत बजाया जाता है। पुराने लोगों को संगीत की जरूरत नहीं है। मैंने इसके बारे में विस्तार से लिखा है।

- तटवर्ती वीर राघव राव

आत्म शास्त्र - ब्रह्मर्षि पत्रीजी

पत्री जी द्वारा लिखित इस पुस्तक के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दुओं को ही प्रस्तुत किया गया है।

'सांस... नाक में हवा...' सांस ही हमारा प्राण है। 'सांस' के बिना हमारा कोई जीवन नहीं है। 'श्वास शक्ति' सबसे बड़ी शक्ति है। इस ऊर्जा की जरूरत सभी को है... पेड, पौधे, जानवर, पक्षी... आखिरकार पानी को इस ऊर्जा की जरूरत है। इस विषय को बहुत कम वैज्ञानिक ही जानते हैं। साथ ही मनुष्य को जिस ऊर्जा की आवश्यकता होती है, वह है 'श्वास की शक्ति!' श्वास 'शक्ति' को जानने के लिए हमें श्वास के साथ रहना होगा। लेकिन सांस के साथ कैसे रहना है? कैसा रहेंगे... यहाँ... इस विधि देखेंगे।

जोर से या जबरदस्ती से सांस न लें। सांस लेने की प्रक्रिया सामान्य रूप से अपने आप होने दें। सामान्य रूप से श्वास को अपने आप होता है उस पर ध्यान देनी चाहिए। जब हम देखते हुए प्राकृतिक 'श्वास' पर अपना ध्यान लगाते हैं, तो मन अपने आप शून्य हो जाता है। मन में शून्य जगह प्रचुर मात्रा में मौजूद ब्र्मांडीय ऊर्जा को आकर्षित करती है।

'श्वास... ध्यान का विज्ञान...'

हमारी दो भौतिक आंखों के अलावा, हम सभी के पास एक 'दिव्य नेत्र', एक 'तृतीय नेत्र' है। भौतिक शरीर की तरह, हमारे पास एक सूक्ष्म शरीर भी है। लेकिन ऐसे सभी सत्य हमें 'श्वास' के माध्यम से ही समझ में आते हैं। "श्वास पर ध्यान" को हर दिन अभ्यास करना ही 'ध्यान' कहलाता है। इसी प्रकार ध्यान का अधिक से अधिक अभ्यास करके हम 'ध्यान शास्त्र' के व्यापक चित्र को समझ सकते हैं।

'ध्यान शास्त्र... आत्म शास्त्र...'

'ध्यान' के माध्यम से हम अपने अतीत और भविष्य को भी देख सकते

हैं... ताकि हम अनुभवात्मक रूप से महसूस कर सकते हैं कि 'हम शाश्वत प्राणी हैं जो कई रूपों में आते और जाते हैं, शरीर बदलते हैं और कई अनुभव प्राप्त करते हैं' । अंत में...!

'अयमात्मा ब्र्म्म',

'अहम् ब्र्म्मास्मि',

'हम सर्वव्यापी हैं'

'हम शाश्वत सृष्टी कर्ता हैं'

इस प्रकार महावाक्य हम अच्छी तरह समझ सकते हैं। ये सारांश को आत्म शास्त्र कहा जाता है।

"श्वास" के द्वारा ध्यान शास्त्र को "ध्यान शास्त्र" के द्वारा आत्म शास्त्र को हम समझ सकते हैं। इस आत्म शास्त्र के पूर्ण बोध के बाद ही व्यक्ति सही वाणी, सही खान-पान, सही स्पर्श, सही चलना, सही विचार... और जीवन के हर पहलू को व्यक्तिगत रूप से सीखेगा। इसे ही 'ज्ञानोदय' कहा जाता है जिसका अर्थ है दिव्य ज्ञान प्रकाश यही 'आध्यात्मिकता' है!

- ब्रह्मर्षि पत्रीजी

3. अप्पो दीपो भव

- ब्रह्मर्षि पत्रीजी

गैडिंग में मास्टर्स कहते हैं कि वे आकर बचाएंगे। हमारी बीमारियों को दूर करेगा, दूसरा आएगा और हममें से सारी नकारात्मकता को दूर करेगा। ऐसे लोग हैं जो यह पूछते हैं कि वे ऐसा क्यों कह रहे हैं।

लेकिन अगर आप पत्री जी द्वारा लिखित पुस्तक 'अप्पो दीपो भव' पढ़ेंगे, तो कोई भी समझ जाएगा कि ये सभी शब्द किसी काम के नहीं हैं। किताब का सार यह है कि कोई किसी का उद्धार नहीं कर सकतौ, बल्कि उन्हें खुद ही ऊपर उठाना होगा। इसे एक बार जरूर पढ़ें। अपने भ्रम से बाहर निकलो। 'श्वास पर ध्यान' करो और समस्याओं से छुटकारा पाओ।

ध्यान मित्रों! आज हम 'अप्पो दीपो भव' नामक सबसे अद्भुत और सबसे मौलिक सिद्धांत के बारे में जानेंगे।

हर कोई इस सूत्र को जानने के लिए संघर्ष कर रहा है। दुख में जी रहे हैं। बुद्ध ने अपने जीवन के अंतिम चरण में अपनी अंतिम सांस लेने से पहले अपने शिष्य आनंद को उपदेश दिया! 'अप्पो दीपो भव'। इन शब्दों के बाद बुद्ध नहीं बोले।

'अप्पो दीपो भव' का अर्थ है 'अपना दीपक स्वयं जलाओ'। इसका अर्थ है 'अपने आप का उद्धार करना चाहिए।'

हम सोचते हैं कि अगर हम अपना जीवन दूसरों के हाथों में सौंप देंगे, तो 'वे हमारे उद्धार करेंगे' (लेकिन न केवल बुद्ध, कोई भी बुद्ध किसी नासमझ को लेकिन गौतम बुद्ध ही नहीं, कोई भी बुद्ध किसी भी बुद्धी हीन को यही विषय बताता है) 'आपकी बुद्धि स्वयं को उज्वल करने में है' यदि आप किसी और पर निर्भर हैं, तो आप बुद्धि हीन हैं। अपने पैरों पर आपको स्वयं खड़ा होना चाहिए... आपको अपनी जिंदगी ठीक करनी है!

'हे भगवान! मेरे बेटे को नौकरी दिलाओ। मेरी बेटी की शादी करा दो। मेरे पेट से कैंसर को दूर करो। कौन है इसे निकालने वाला कौन ऊपर है जो

आपके बेटे को नौकरी देने वाला... ऊपर कुछ भी नहीं है... शून्य है.. अगर आपका बेटा नौकरी करना चाहता है, आपके बेटे को मेहनत करनी होगी। आप क्या करेंगे? बेटा बड़ा होगा तो उसे खुद की नौकरी तलाश करनी होगी।

वो खुद परिश्रम करता नहीं। आप उसे नौकरी कैसे दे सकते हैं?

अमान्य! मित्रों अमान्य उन्हे अपना काम खुद करना चाहिए। जिसका सिर दर्द है दूर करना चाहिए। उन्हें अपना पेसा खुद पाना हैं। खु अपने दुखों से मुक्त होना चाहिए।

आपको अपने जीवन का ध्यान रखना होगा! माता-पिता ही बच्चों को पैदा और पाल सकते हैं। लेकिन उनके जीवन की देखभाल करना उनकी अपनी जिम्मेदारी है। वह हठपूर्वक पढ़ता नहीं है... तुम क्या करोगे। तुम कुछ भी नहीं कर सकते।

दोस्त। वह पूरी जागरूकता हैं यही मूल जागरूकता है। उन्हे खुद अपने पैरों पर खडना होना चाहिए। 'अप्पो दीपो भव!'

'जिसकी आत्मा का दीया... जिसका मानसिक दीया, जिसका मन का दीया, जिसका तन... स्वयं ही प्रज्वलित करना, सुरक्षित रखना चाहिए।

महाभारत में भगवद्गीता के माध्यम से वेदव्यास कहते हैं कि:

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमव सादयेत ।

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपु रात्मनः ? (भ.गी. 6-5)

तात्पर्य :-खुद अपने आप का उद्धार करना होगा। आत्मा को नीचा मत करो। खुद अपने आप रश्तेदार हैं। खुद अपने आप दुश्मन हैं।

यदि आप मांस खाते हैं, तो आपको पचास जन्मों में सीखना होगा जो आप पांच जन्मों में सीख सकते हैं। तब तुम अपने ही शत्रु बन जाते हो। चिकन को मसाले के साथ खाया। आपने हर रोज एक मुर्गी खाया। कितना हिंसा। कितना पाप बढेगा। कितना हिंस किया हैं। उसका फल अगले जन्म में इसका अनुभव करना होगा? तब तुम अपने ही शत्रु बन जाते हो।

आपने ध्यान किया। आपने सभी पापों को धो दिया है। तब आप अपने दोस्त बन जाते हो। कोई राम, कृष्ण या शिव नहीं आएंगे और आपकी रक्षा

नहीं करेंगे । आपको अपनी रक्षा खुद करनी होगी। अनयथा शरणं नास्ति! आपको खुद उद्धार करना होगा। तुम्हे कुछ भी कर सकता। मुझको तुम कुछ नहीं कर सकता। मैं मुझकों कर सकता हूँ। तुम अपने आप को कर सकते हो कोई भी किसी का सहायक नहीं ।

मैं इस विज्ञान को, आध्यात्मिक विज्ञान को, ज्ञान को बता सकता हूँ। लेकिन मैं तुम्हें नहीं सिखा सकता। आप सीख सकते हो। ध्यान से सुनोगे तो सीखोगे... नहीं तो नहीं! संस्कृत का विद्वान संस्कृत पढ़ाता है। कक्षा में एक शिक्षार्थी ध्यानपूर्वक सुनकर सीखता है। अगर इसको क्षद्धा नहीं है तो वो इसको सिखा नहीं सकता।

रमण महर्षि ने कहा हैं कि? 'लक्ष्य ही शिक्षक है' उन्होंने कहा। आपकी श्रद्धा ही आपका शिक्षक है। और जो कहता है, वह तुम्हारा गुरु नहीं है! वह कक्षा में बताते रहता है। ध्यान से सुनोगे तो, अगर तुमको लक्ष्य है तो, तुम तुमको पवित्र बनाया है।

आपकी श्रद्धा ने आपको पावन बनाया है, अपनी अश्रद्धा से ही आप जहाँ के वहाँ रह गए हैं। आपका जीवन जितना तेज होना चाहिए उतना तेज से नहीं चल रहा है। उकड़ू बैठ गया। क्योंकि तुम सोचते हो कोई आएगा, कुछ करेगा, आपका उद्धार करेगा, और ऐसा प्रार्थना करके साधना की उपेक्षा कर रहे है।

गौतम बुद्ध कहते हैं कि प्रार्थना छोड़ो, साधना करो ! साधना को अपनाओ! गौतम बुद्ध की तरह साधना करना चाहिए।

किसकी याचना कर रहे हो? कौन आकर आपको बढ़िया बनायेगा कहाँ कि प्रार्थना? पुस्तकों को बिना खोले बिना पढ़े पुस्तकों को "सरस्वती पूजा" करोगे तो तुमको अध्ययन आएगा क्या? कैसे आएगा? वीणा लेकर साधना किये बिना। तुम को विणा नमस्कार करके वीणा आवो बोलने पर आयेगा क्या?

'अप्पो दीपो भव!' अपना दीया स्वयं जलाना चाहिए। तेल है, बत्ती है, हाथ में माचिस भी है, कौर आकर जलाएगा... कोई नहीं आएगा।

आपको अपनी विध्या खुद अर्जित करनी होगी। आपको अपने मन को शांत करना होगा। आपको अपनी बीमारी का इलाज खुद करना होगा।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमव सादयेत ।

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपु रात्मनः ? (भ.गी. 6-5)

तात्पर्य :- अपने आप का उद्धार करना चाहिए। इसके अलावा, किसी को बुरे काम करके आत्माओं का अपमान नही करना चाहिए।

यदि उसका अपमान किया जाता है तो वही आत्मा शत्रु बनकर अपना ही नुकसान करती है। इसकें अलावा आत्मा को श्रेष्ठ मानेंगे तो वही आत्मा मित्र बनकर उपकार करेगा।

भगवद्‌गीता में जो कहा गया है, जीसस ने भी वही कहा है..

As you sow so you reep. जो बो ओगे वही काटेगे

नीम के बीज बो ओगे आम का फल नहीं मिलेगा।

“बीज के आधार पर पेड़ होता है। कर्म के आधार पर फल मिलता है।”

“बुरा करोगे तो बुरा ही होगा। भला करोगे तो भला ही होगा।”

“तुम जो करोगे वही पावेगे”

कर्म सिद्धांत में कहा गया कि तुम अपने जीवन को खुद प्रकाशित कर सकते हो। कोई और प्रकाशित नहीं कर सकता।

गौतम बुद्ध ने ‘अप्पो दीपो भव’, भगवद्‌गीता में ‘उद्धरेदात्मा नात्मानमव्सादयेत’ भगवान यूशू ने “As you Sow. So you reep” एक ही हैं।

मूल सिद्धांत, एकमात्र मूल सत्य! ‘आश्रित जीवन समाप्त करें।स्वयं पर आश्रित होकर ऐसा जीवन शुरू करें।’

प्रार्थना छोड़कर साधना को प्रामुख्यता दो।

‘एक भिखारी का जीवन हमेशा एक गरीब आदमी का जीवन होता है! एक मेहनती का जीवन एक राजा का जीवन होता है।’

तो मेरे प्यारे दोस्तों, आसमान से तुमहारे गोद कुछ भी नहीं आएगा। यह आपके भीतर से उत्पन्न होता है और आपके गोद में आता है। साधक स्वयं

अपनी साधना का फल खाता है। पड़ोस वालें का साधना फल को तुक नहीं खा सकते। तुम्हारे साधना फल को पड़ोसी नहीं खा सकते हैं। आप अपनी साधना का फल पड़ोसी को नहीं दे सकते, यह असंभव है।

तो दोस्तों! पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीस की मौलिक सूत्र है 'अप्पो दीपो भव' "Be a light unto your self".

पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीस में हर कोई पहले आता है। 'स्वामी साधना सीख्ना है और कहते हैं, 'एक पल के लिए दोनों आँखें बंद करो। हाथों में हाथ डालो। श्वास पर ध्यान रखो! चले जाओ।'

'स्वामी ! क्या आप मेरी समस्या दूर नहीं कर सकते?' इसका मतलब है 'मैं आपकी समस्या को क्यों दूर करूं? यहाँ से जाओ, अभ्यास करो!'

"मेरी माँ स्वस्थ नहीं है। आप कुछ कर सकते हैं ऐसे पूछने पर मैं केरी माँ के लिए भी कुछ नहीं किया। तुम्हानी माँ के लिए मैं क्या कर सका हूँ? तुम्हारी माँ ध्यान करूगी तो ठीक होगी। तुम भी तुम्हारी माँ के लिए कुछ भी नहीं कर सकते? तुम को मैं भी कुछ नहीं कर सकता। कोई भी कुछ नहीं कर सकता। तुम अपनी माँ को ध्यान सिखओ।

मेरे भाई ने मुझसे ध्यान नहीं सीखा, मेरे अपने भाई को पूरा शरीर भर सोरायसिस हो गया था। दर्द होने पर भी मैं उसे क्या सिखा सकता हूँ? मैंने पूरी दुनिया को ध्यान सिखाया। वह सीखना नहीं चाहता था और उसने नहीं सीखा।

डॉक्टर से नहीं दूर होगा। दवाएं नहीं होगा। जब वह यह जानते हैं, वह इसका आचरण करते हैं। ध्यान का अभ्यास करने पर सोरियासिस दूर हो जाएगा। यह दूर क्यों नही होगा?

मेरे प्यारे दोस्तों! मेरे प्यारे मास्टर्स! मेरे प्यारे देवताओं! आपको अपने सिरदर्द से खुद ही बाहर आने की जरूरत है। आपको अपने पेट दर्द से खुद ही बाहर आना चाहिए। आप अपने बेटे की पढ़ाई नहीं पढ़ सकते! जिनकी अध्ययन है उन्हें ही पढ़ना चाहिए। इसलिए मोक्ष को भी स्वयं अपने आप को आर्जित करना होगा।

प्रचार करते हो तो उसका फल मिलेगा प्रचार नहीं करते हैं तो उसका

फल नहीं मिलेगा। अपने दिया को खुद जलाओ। अपने जीवन को स्वयं आनंदमय बनाओ। अपने शरीर को आप ही स्वस्थ बनाओ। दोस्तों खुद अपने दिया को जलना चाहिए।

तो हम ध्यान करेंगे। कौन कितना ध्यान करेगा उतना लाभ पायेगा। ध्यान का मतलब श्वासानुसंधान से ... चित्त वृत्ति निरोध से ... ब्रह्मांडीय प्राण शक्ति के आवाहन से .. नाडी मंडल की शुद्धि से ... दिव्य चक्षु का उत्तेजित होना... इन सब का मिलन ही ध्यान है। एक ही ध्यान विधान है.... नाम है श्वासानुसंधान!

चलो सब आराम से बैठे और हाथों में हाथ डालकर दोनो आँख बंद करो। चलो 'सांस पर ध्यान' रखेंगे।

- ब्र्म्मर्षि पत्री जी।

पत्री जी ने 'अप्पो दीपो भव' पुस्तक में जो कहा है, उसके अनुसार हम समझ सकते हैं कि गैडिंग में कही गई हर बात झूठी है। क्योंकि कोई भी किसी भी दुनिया से नहीं आएगा। वे आपको कुछ नहीं दे सकते, वे कुछ नहीं कर सकते। इस किताब के माध्यम से पत्री जी ने यही कहा हैं।

4. ‘श्वास विज्ञान ज्योति !‘

आइए अब ध्यान विद्या के बरे में और जानेंगे।

‘ध्यान की विद्या श्वास की विद्या है!’ ध्यान विद्या अर्थात श्वास विद्या। ध्यान विद्या ज्योति अर्थात श्वास विद्या ज्योति। ध्यान विज्ञान ज्योति अर्थात श्वास विज्ञान ज्योति ध्यान अभ्यास का मतलब साँसों के साथ रहने का अभ्यास।

मनसे संबंधित विषय ही ध्यान है। श्वास और मन का संबंध क्या हैं? आध्यात्मिक शास्त्र के अनुसार हमें यह सत्य जानना है कि श्वास और मन का अटूट संबंध है! स्विच और करंट में जैसा संबंध है.... स्विच को दबाने पर जैसे बिजली आता है ... फिर स्विच को बंद करने पर बिजली जैसे रूख जाती है ... उस निर्माण में इन दोनों को जैसे अनुसंधान किया गया है... उसी तरह इस शरीर के मिलन के निर्माण में मन, सूक्ष्म शरीर औ स्थूल शरीर के मिलन के लिए साँस का निर्माण किया गया है।

‘श्वासानुसंधान!’

साँस के साथ अनुसंधान होने पर मन में अनुसंधान होता है। जब श्वास ठंडी होता है तो मन ठंडा होता है। जब श्वास तेज होता है तो मन भी तेज होता है। इसी प्रकार जब मन तेज होता है तो श्वास भी तेज होता है। जब मन शांत होता है तो श्वास भी शांत होती है। मन और श्वास का सीधा रिश्ता है। तो इस मनो विद्या को हम... जैसे ध्यान विद्या, श्वास विद्या के रूप में हम जान रहे है।

श्वास विद्या के बिना संबंध, अगर हम ध्यान विद्या का जिक्र करते हैं, तो ‘राम’, ‘राम’ सोच रहे हैं... ‘कृष्ण’, ‘कृष्ण’ सोच रहे हैं... मंत्र जाप करते हुए... अगर हम उसी को ध्यान मान रहे हैं तो हम दाल में पैर रखने जैसा है। भौतिक शरीर के निर्माण क्रम में मन और मुह के शब्द के बीच कुछ भी व्यवस्था नहीं किया गया। मुँह मे चाहे कितने ही हजारों मंत्र उच्चरित हो,

करोडों प्रार्थनाएँ, ध्यान विद्या का इनसे कोई लेना-देना नहीं है। जो प्राण शक्ति हैं भी उसे भी खो सकते है लिकिन अनुपस्थित आत्म शक्ति को वापस नहीं लाया जा सकता है।

पत्री जी ने जो कहा, उसे ठीक से समझिए। नामस्मरण, मंत्र जप, साथ ही पथ प्रदर्शक के वचनों को सुनने से प्राण शक्ति चली जाती है, परन्तु आत्मा शक्ति प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

"प्राण शक्ति को बरबाद नहीं करना।"

जब हम देखते हैं, तो हम प्राण शक्ति का खर्च करते हैं... जब हम सुनते हैं, तब प्राण शक्ति खर्च करते हैं। जब हम बोलते हैं, तब प्राण शक्ति खर्च करते हैं। जब हम सोचते हैं, तब प्राण शक्ति खर्च करते हैं। हमें सबसे पहले प्राण शक्ति के व्यर्थ खर्च को रोकना होगा। हमें व्यर्थ खर्च शून्य करना होगा। शून्य करना चाहिए। याने दोनों आंखें बंद करना चाहिए। आँखों के माध्यम से हममें 80 प्रतिशत प्राण श्क्ति में शामिल होता है। इसी प्रकार यदि हाथ-पाँव बाँध दिए जाएँ तो शेष 20 प्रतिशत प्राण श्क्ति हम में शामिल हो जाती है। अपना मुंह बंद करना चाहिए। कोई मंत्र, कोई ध्वनि नहीं करनी चाहिए, चुप रहना चाहिए, 'मुंह में मौन, मन में शून्यता' इसे ध्यान कहा जाता है! 'श्वास ही मार्ग है!' मुंह में मौन, मन में शून्यता इसका नाम ध्यान है साँस ही इसका मार्ग है।

'कोई मंत्र नहीं' ।

दोनों आँखों को बंद करके, दोनों हाथों को बाँधकर, और पैरों को बाँधकर बिना किसी मंत्र या ओंकार जैसे अनुष्ठान किए बिना और अपनी प्राण शक्ति को व्यर्थ हो जाने से रोकना चाहिए। ब्र्स्मांडीय प्राण शक्ति को बाहर से अंदर लाने के लिए है! श्वासानुसंधान हमारे भीतर की प्राण शक्ति हमारे भीतर आनी चाहिए।

भौतिक शास्त्र कहता है कि कोई भी काम के लिए शक्ति का खर्च होता है। तो इस भौतिक शास्त्र के परिज्ञान को सब जानते हैं बातें करने पर, गाना

गाने पर हम में से प्राण शक्ति बाहर चली जाती है। इसलिए ऐसे काम नहीं करना चाहिए।

“आराम से बैठ जाओ।”

ध्यान विद्या अर्थात दोनों आंखें बंद कर लेना! मुँह बंद कर लेना दोनों हाथ बंधे होने चाहिए! दोनों पैर बंधे होने चाहिए! छड़ी की तरह सीधे बैठने की जरूरत नहीं! आराम से बैठना चाहिए। कुर्सी पर बैठ सकते हैं! दीवार के सहारे बैठ सकते हो। सीधे बैठने की जरूरत नहीं! हालाँकि, अगर कोई आसन अच्छी तरह से सीखता है और उस तरह बैठ सकता है, तो यह एक अलग कहानी है! अगर आप उस तरह बैठ सकते हैं, तो भी आसन के बारे में कुछ खास नहीं है। बस एक आसन में बैठे हैं।

उसके बाद बाहर की प्राण शक्ति हमारे अंदर आनी चाहिए। इसके लिए श्वासानुसंधान मौन हमारी ऊर्जा को बाहर जाने से बचाता है। लेकिन ध्यान बाहरी ब्र्मांडीय ऊर्जा को हमारे भीतर लाता है। यह मौन और ध्यान में फर्क है! ध्यान की शुरुआत मौन से होती है। श्वास पर ध्यान से ही अंत होता है।

ध्यान शब्द का अर्थ है सूक्ष्म शरीर के साथ तीनों लोकों में घूमना! हमारे आत्मिक पदार्थ से तीनों लोकों का ज्ञान ही ध्यान कहलाता है। इसकी शुरुआत मौन से होती है। इसका अर्थ है कि मुंह बंधा होना चाहिए और पैर बंधे होने चाहिए।

‘खुली आँखों से ध्यान’ कहीं भी नहीं है, बल्कि आँखें बंद करना ही ध्यान है। वहाँ से तीन किलोमीटर दूर खुली आँखों से और ध्यान अभ्यास से भागना चाहिए! आंखें बंद रहें और हाथ जोड़े रहें, सभी ऊँगलियों में सभी ऊँगलियाँ चली जाएं। यदि केवल दो उंगलियां जुड़े हों तो लाभ कम होता है। सभी उँगलियों को सभी उँगलियों से जुड जाना चाहिए। फिर श्वास से एक हो जाओ। सबसे महत्वपूर्ण बात जो सभी छात्रों को पता होनी चाहिए“ ..केवल एक चीज” श्वासानुसंधान! श्वास के साथ रहना!

'ब्र्मांडीय ऊर्जा!'

जैसे माइक के साथ करेंट है, वैसे ही शरीर के साथ आत्मा है। अगर करंट नहीं होगा तो माइक काम नहीं करेगा। साथ ही, यदि कोई व्यक्ति बोल रहा है, तो इस शरीर में आत्मा है। यदि कोई आत्मा पदार्थ नहीं है, तो शरीर मर जाएगा। शरीर तब नहीं बोलता। अगर शरीर बोल रहा है तो आत्मा वही है। जैसे माइक में करंट होता है... जैसे शरीर में आत्मा होती है... वैसे सांस में कॉस्मिक ऊर्जा होती है! सार्वभौमिक प्राण शक्ति है!

माइक में करंट नहीं दिखता। शरीर में आत्मा को नहीं देख सकते था। सांस का कास्मिक ऊर्जा अदृश्य है! विश्वमय प्राण शक्ति को देखा नहीं जा सकता। लेकिन गारंटी से वहीं है!

'श्वास पर ध्यान!'

जब भी हम 'श्वास पर ध्यान' करते हैं तो सांस की प्राण शक्ति हमें उपलब्ध हो जाती है! जहाँ 'श्वास पर ध्यान' नही है.... वहाँ केवल वही श्वास है। शरीर को जो ऑक्सीजन की जरूरत होती है। वह आती रहती है। आत्मा को जो प्राण शक्ति चाहिए वह नहीं मिलती "श्वास पर ध्यान" रखने से ही श्वास को प्राण शक्ति उपलब्द होती है।

मेरे बगल में एक आदमी है, विवेकानंद था। हम बस से जा रहे है।

विवेकानंद मेरे बगल में बैठे हैं, अगर मैं उनका ध्यान करूँ और उनसे एक प्रश्न पूछूँ, अगर मैं उनकी बातें सुनूँ, तो उनके पास जो ज्ञान है, वह मेरे पास आ जाएगा। मेरे बगल मं विवेकानंदजी बैठने पर मुझे कुछ भी फायदा नहीं। अगर मैं उनकी बातों पर ध्यान नहीं देता, तो 2000 साल तक उनके साथ रहने का क्या फायदा? वैसे ही, जन्म से ही हमारे पास सांस है। लेकिन हम सांस से जुड़े नहीं हैं। सांस पर ध्यान नहीं दे रहे! तो सांस की प्राण शक्ति हमारे लिए उपलब्ध नहीं है।

यदि आप अपने बगल में बैठे विवेकानंद का ध्यान करें और बस में उनके बगल में बैठने का उपयोग करने पर दो घंटे या दो मिनट बिताएं, तो विवेकानंद एक मिनट और एक बात में अपना सब कुछ उंडेल देंगे! इसी प्रकार क्या श्वास भी एक क्षण में अपना सब कुछ नहीं देगा क्या? जरूर देगा। पूरा ध्यान रखने पर ।

त्यागराज स्वामी ने कहा है कि "सारे विचालों को एक मिनट के लिए रोखकर" हमारा पूरा ध्यान श्वास से झुडने पर श्वास हमको सब कुछ अर्पित करती हैं। अर्पण करती है श्वास का सब कुछ मतलब तीसरी आँख, आत्म क्षेत्र।

छात्रों! विद्यार्थी जीवन में क्रांति हर कोई चाहता है। लेकिन उसका तरीका यह है कि श्वास विज्ञान ज्योति को अपने आप प्रकाशित करना चाहिए।

श्वास विज्ञान ज्योति क्या है? यह जान लेना चाहिए कि श्वास के साथ-साथ अपार प्राणशक्ति होती है। श्वास पर ध्यान करने से वह प्राणशक्ति हमें उपलब्ध होती है। हर दिन दोनों आंखें बंद करके, दोनों हाथ बांधकर और मुंह बंध करके.. आपकी उम्र कितनी है उतने मिनट मतलब 10 साल के बच्चों के लिए दस मिनट, 20 साल के युवा के लिए 20 मिनट, 30 साल के लोगों के लिए 30 मिनट बैठना चाहिए, 40 दिनों में वे अपने श्वास विज्ञान ज्योति को संपूर्णता से प्रकाशित कर सकतें है।

"कोई भी किसी का सहायक नहीं ।"

सबको अपना दीया जलाना है। किसी भी विद्यार्थी की सांसों की ज्योति को कोई नहीं जला सकता। विद्यार्थी को अपनी ज्योति स्वयं जलानी पड़ती है। गुरूजी रास्ता दिखाता है। न रसायन शास्त्र के शिक्षक, न वनस्पति विज्ञान के शिक्षक, न गणित के शिक्षक, न ध्यान के शिक्षक कोई भी शिष्य को कंधों पर नहीं उठा सकता।

इसलिए, हमें यह जानने की जरूरत है कि हमें कम से कम कितने मिनट

बैठना चाहिए। वह न्यूनतम! गंभीर न्यूनतम! याने दस साल के बच्चे को 10 मिनट बैठना चाहिए। दस साल के बच्चे सिर्फ दो मिनट के लिए बैठते हैं...आंखें बंद करके ऐसे आंखें खोलकर....दो मिनट सांसों पर ध्यान करने से वह स्थिति हासिल नहीं होगी, जिसे उन्हें हासिल करना है।

'मिनिमम टैम!'

जैसा कक्षा में 40 अंक लाने पर आप तेलुगु और अंग्रेजी में उत्तीर्ण होंगे... यदि आप 100 में से 15 या 20 अंक प्राप्त करते हैं, तो आप निश्चित रूप से उत्तीर्ण नहीं होंगे - इसी तरह आपकी उम्र कितनी है उतने मिनट। अगर आप आंख बंद करके बैठते हैं, तो आप उस ध्यान का, उस सूक्ष्मता का अनुभव नहीं कर सकते! इसलिए न्यूनतम का ध्यान रखना चाहिए। उसके ऊपर जितना ज्यादा करते हो उतना लाभदायक है! 100 में से 40 अंक मिले तो पास होंगे, 60 अंक आए तो प्रथम श्रेणी में पास होंगे। यदि आप सौ अंक प्राप्त करते हैं। वाह। इससे बेहतर और क्या।

जब भी आपके पास खाली समय हो, आपको ध्यान में संलग्न होना चाहिए। यदि कोई खेल न हो, गीत गाना न हो, पढ़ाई न हो, कोई अन्य काम न हो.... फालतू बंक बक करते हो ... वहाँ उन व्यर्थ बातों को बंद करके ध्यान में बैठ जाना चाहिए। जितना हो सके, उतना अधिक समय बैठना चाहिए।

आपके उम्र के अनुसार उतने मिनट हर रोज बैठना चाहिए।

पांच साल से कम उम्र के बच्चों को सांस लेने के बारे में बताना तो दूर की बात है। क्योंकि उनकी तीसरी आंख स्वाभाविक रूप से खुली होती है। पांच साल से कम उम्र के बच्चे वास्तव में वे पूरी तरह से आत्म पदार्थ हैं! वे देह पदार्य नहीं हैं! पाँच वर्षों के बाद यह आत्म-पदार्थ कम हो जाता है और उन्हें लगता है कि 'मैं शरीर पदार्थ हूँ'। श्वास पर ध्यान रखना यह जानने के लिए

कि ‘मैं आत्मा-पदार्थ हूँ ।

‘मैं आत्मा ।’

जहाँ भी ‘मैं आत्मा हूँ’ का भाव है, वहाँ सांस के साथ जुडने कोई आवश्यकता नहीं है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों श्वासानुसंधान नहीं है। बस दोनों आंखें बंद कर लें और तीन या चार मिनट के लिए बैठ जाएं। तीसरा नेत्र पूर्ण रूप से खुला रहता है। इसलिए, यदि आप उन सभी अनुभवों के बारे में पूछते हैं, तो आपको निश्चित रूप से वे बताते हैं।

थोड़े से अभ्यास से, जब श्वासानुसंधान के माध्यम से छात्रों की ब्र्मांड की प्राण अत्यधिक पाने पर....... जब वे 10 मिनट, 15 मिनट का ध्यान समाप्त होते ही.... वे जो भी खेल खेलते हैं, कैसे शानदार ढंग से वे खेलते हैं, सक्रिय रूप से, उत्साह से, प्रसन्नता से! खेलते हैं तब पढाई भी बहुत अच्छी करते हैं।.... कितने अच्छे एकसंतग्रह बनेंगे। खुद आप गीत गाते हैं... तो आप कितना अच्छा गा रहे हैं। यदि आप कुछ काम करते है तो कितना साफ सुथरा करते हैं। सब ध्यान साधना की महिमा है!

श्री तटवर्ती वीर राघवराव का हिन्दी किताब

1) आत्म शास्त्र ।............... Rs.200/-

2) ध्यान विद्या ।................ Rs.160/-

3) भगवद् गीता का सार ।.... Rs.160/-

4) एक और जन्म ।............ Rs.160/-

5) सत्य मार्ग ।.................. Rs.160/-

6) ‘गैडिंग’ क्यों ध्यान नहीं ?.. Rs.120/-

7) भगवान कौन हैं।............ Rs.120/-

8) कर्म सिद्धांत ।............... Rs.120/-

9) ब्रह्म ज्ञान।..................... Rs.100/-

10) यह जीवन क्यों हैं ?.......... Rs.100/-

For Books Please Contact :

TATAVARTHI VEERA RAGHAVARAO

Tatavarivari Street, BHIMAVARAM-534201.

W.G.Dist., A.P. Ph: 94403 09812

आँखे बंद करना ध्यान नहीं है
मन को बंद करना ही ध्यान हैं

"आँखे बंद करके जो साधानाऐ करते हैं सभी ध्यान नहीं है
मन को बंद करना ही ध्यान हैं"।
जहाँ मन काम नहीं करता उस स्थिति को ध्यान कहते हैं।
इसी को पतंजलि महर्षि "चित्त वृत्ति निरोधः" कहते हैं।
जो गैडिंग कर रहे हैं वे ध्यान नहीं कर रहे हैं।
कारण यह है कि गैडिंग करने वाले मास्टर की बातों को
मन से सुनते ही रहते हैं।
मतलब उनका मन काम करता ही रहता है।
इसलिए गैडिंग ध्यान नही है।
जान लीजिए कि ध्यान का मतलब "श्वास पर ध्यान"
लेकिन बातों पर ध्यान नहीं।
जान लीजिए कि ध्यान का मतलब "श्वास पर ध्यान"
लेकिन बातों पर ध्यान नहीं।
इसलिए पत्रीजी कहते हैं कि तरह-तरह के ध्यान नहीं है ।
बस एक ही ध्यान है वही "श्वास पर ध्यान"

Rs.120/-

\- तटवर्ती वीर राघवराव